प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव
रांची संस्करण
मंगलवार 05 नवंबर 2024
● वर्ष 03 ● अंक 89
● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया
37 वर्ष 1987-2024
श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते
# श्रमबिन्दु
रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र
डाक पंजीयन क्रं. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021- 23 | E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in | आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88



झारखंड में रोटी-बेटी-माटी बचाने का मोदी ने किया शंखनाद, गढ़वा और चाईबासा में दिया नारा

# झारखंड में अबकी बार एनडीए सरकार

- गढ़वा और चाइबासा की चुनावी सभा में गरजे प्रधानमंत्री मोदी
- चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री पद से हटाने और सीता सोरेन के अपमान पर भी बरसे
- कहा, गठबंधन के तीनों दल सामाजिक ताना-बाना तोड़ने पर आमादा

गढ़वा/ चाइबासा( । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद की सरकार ने झारखंड का अस्तित्व संकट में डाल दिया है। घुसपैठिये इनके वोट बैंक बन गये हैं। अदालत में भी इन्होंने झूठ बोल दिये। आदिवासी बेटियों से शादी कर उनकी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। रोटी, बेटी और माटी की पुकार याद रखिये। झारखंड की पहचान बचाने के लिए राज्य में एनडीए की सरकार बनाइये। प्रधानमंत्री सोमवार को गढ़वा और चाइबासा में चुनावी जनसभा में बोल रहे थे।

**जो झारखंड विरोधी थे, झामुमो उनकी गोद में बैठा है:** प्रधानमंत्री ने राजद और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो झारखंड के विरोधी थे, आज उनकी गोद में झामुमो बैठ चुका है। उन्होंने कहा कि यहां कांग्रेस सरकार ने हमारे आदिवासी भाइयों को गोलियों से भून दिया था। हमारे वो आदिवासी पूर्वज सिर्फ अपना हक मांग रहे थे। वो अलग झारखंड राज्य मांग रहे थे। उस समय राजद के नेता भी कहते थे कि झारखंड उनकी लाश पर बनेगा। आपके सपनों से इतनी नफरत है इन लोगों को। जो राजद झारखंड बनाने के लिए सहमत नहीं था, जो कांग्रेस आदिवासी विरोधी रही है। उसी के सहारे झामुमो सरकार चला रहा है। सत्ता के लिए उन्हें गले लगा लिया।

**वोट के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसा रहे:** प्रधानमंत्री प्रदेश सरकार पर घुसपैठियों को समर्थन देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर ऐसी हालत रही तो एक दिन झारखंड में आदिवासी सिमट जाएंगे। झामुमो-कांग्रेस-राजद ने तुष्टिकरण की नीति को चरम पर पहुंचा दिया है। ये तीनों दल सामाजिक ताना-बाना तोड़ने पर आमादा हैं। वोट पाने के लिए ये बांग्लादेशी घुसपैठियों को पूरे झारखंड में बसा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब स्कूलों में सरस्वती वंदना तक पर रोक लगने लगे, तो पता चलता है कि खतरा कितना बड़ा है। जब तीज-त्योहारों में पत्थरबाजी होने लगे, माता दुर्गा को भी रोक दिया जाये, जब कर्फ्यू लगने लगे तो पता चलता है कि स्थिति कितनी खतरनाक है। उन्होंने कहा कि झारखंड में अवैध तरीके से हड़पी गयी जमीन को वापस लेने के लिए कानून बनाया जायेगा। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि झारखंड में भाजपा सरकार बनते ही घुसपैठ पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाये जायेंगे। अवैध तरीके से हड़प की गयी भूमि को फिर से आदिवासी बेटियों के नाम करने के लिए कानून लाया जायेगा।

**भगवान बिरसा की 150वीं जयंती मनायी जायेगी:** मोदी ने कहा कि रोटी, बेटी और माटी की पुकार है। झारखंड में एनडीए की सरकार बनायें। भाजपा ने रांची में धरती आबा बिरसा मुंडा का संग्रहालय बनाया है। बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को भाजपा ने ही जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया है। इनकी 150 जयंती धूमधाम से मनायी जायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आदिवासियों का सम्मान किया है। इन्हें कई अहम जिम्मेदारी दी गयी है। एक तरफ जहां राज्य की बागडोर उन्हें सौंपी गयी है, वहीं कई महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है। कांग्रेस ने कभी आदिवासियों को सम्मान नहीं दिया। भाजपा ने देश को पहली महिला राष्ट्रपति दी है।



## भ्रष्टाचार में लिप्त हैं राज्य सरकार के मंत्री और नेता

मोदी ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रदेश की गठबंधन सरकार पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हो, मंत्री हो, विधायक हो या फिर सांसद हो, ऐसा कोई बचा नहीं जिन पर पिछले पांच सालों में भ्रष्टाचार के संगीन आरोप नहीं हैं। उन्होंने सत्तारूढ़ गठबंधन पर माफिया तंत्र बनाने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार दीमक की तरह देश को खोखला करता है। भ्रष्टाचार, गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी को सबसे ज्यादा दुखी करता है, बर्बाद कर देता है। उन्होंने कहा कि हमने प्रत्येक घरों में नल जल योजना पहुंचाने की योजना बनायी। यहां के जनप्रतिनिधि योजना के पैसों से अपनी तिजोरी भर ली। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में भाजपा की सरकार है वहां यह योजना सफलतापूर्वक चल रहा है। गैर भाजपा शासित प्रदेशों में लूट मचा के जनप्रतिनिधियों ने रखा है। यहां तक कि झारखंड बालू तस्करी का केंद्र बनकर रह गया है।

## परिवारवाद झारखंड का सबसे बड़ा दुश्मन

प्रधानमंत्री ने परिवारवाद भी गठबंधन सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि झारखंड में परिवारवाद एक बड़ा दुश्मन है। उन्होंने झामुमो, कांग्रेस और राजद को घोर परिवारवादी दल करार दिया। मोदी ने कहा कि ये लोग चाहते है कि सत्ता की चाबी हमेशा उन्हीं के परिवार के पास रहे। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की हालिया टिप्पणी का जिक्र करते हुए कहा कि अब इस विपक्षी पार्टी के प्रमुख ने भी मान लिया है कि उनकी पार्टी झूठी गारंटी देती है।

## झामुमो ने चंपाई सोरेन को किया अपमानित

प्रधानमंत्री ने चाइबासा में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि झामुमो ने चंपाई सोरेन को अपमानित किया। उन्हें मुख्यमंत्री के पद से हटा दिया। ये आदिवासी का अपमान नहीं है? झामुमो और कांग्रेस को महिला राष्ट्रपति बर्दाश्त नहीं हो रही हैं। सीता सोरेन के साथ इन्होंने क्या किया है? आपको अच्छे से मालूम है। एक कांग्रेस नेता ने इन्हें अपमानित किया है। इसके बाद भी झारखंड के मुख्यमंत्री ने कुछ भी नहीं कहा।

## गोगो दीदी योजना से हर माता-बहन को महीने में 2100 रुपये

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ने रविवार को संकल्प पत्र जारी किया है। दीदी गोगो योजना की घर-घर चर्चा है। हर माता-बहन ने इसे गले लगाया है। इसने नयी ऊर्जा भर दी है। हर महीने 2100 रुपये आयेंगे। 500 रुपये में गैस सिलेंडर और साल में दो गैस सिलेंडर मुफ्त देने की घोषणा की गयी है।

## युवाओं को नौकरी नहीं दी, पेपर लीक कराकर जीवन बर्बाद कर दिया

मोदी ने कहा कि झारखंड के युवाओं को वर्तमान सरकार ने नौकरी तो नहीं दी, लेकिन पेपर लीक कराकर जीवन बर्बाद कर दिया। पेपर लीक के दोषियों को कड़ी सजा दी जायेगी। भाजपा की सरकार बनने पर पांच लाख युवाओं को नौकरी दी जायेगी।

## प्रधानमंत्री के भाषण के महत्वपूर्ण बिंदु

- झामुमो-कांग्रेस-राजद ने तुष्टिकरण की नीति को चरम पर पहुंचा दिया है।
- गठबंधन सरकार के घुसपैठिये वोट बैंक बन गये हैं।
- घुसपैठ पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाये जायेंगे।
- झारखंड में आदिवासी समाज का दायरा सिकुड़ जायेगा।
- झारखंड में अवैध तरीके से हड़पी गयी जमीन को वापस लेने के लिए कानून बनाया जायेगा।
- भ्रष्टाचार दीमक की तरह देश को खोखला करता है।
- गैर भाजपा शासित प्रदेशों में लूट मचा के जनप्रतिनिधियों ने रखा है।
- झारखंड बालू तस्करी का केंद्र बनकर रह गया है।
- झामुमो, कांग्रेस और राजद घोर परिवारवादी दल
- 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये।
- झारखंड में भी गरीबी दूर करने के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है।
- भाजपा ने आदिवासी भागीदारी पर हमेशा बल दिया है।
- कोल्हान की संतान, कोल्हान का गौरव, हमारे चंपाई सोरेन का घोर अपमान किया।
- पेपर लीक के दोषियों को कड़ी सजा दी जायेगी।
- रोटी, बेटी और माटी की पुकार याद रखिये।
- झारखंड की पहचान बचाने के लिए राज्य में एनडीए की सरकार बनाइये।

## आदिवासी समाज को हम और बनायेंगे मजबूत

प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज को और मजबूत बनाया जायेगा। भाजपा ने इसके लिए अगल मंत्रालय बनाया। कांग्रेस ने तो इसकी जरूरत भी नहीं समझी। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना और पीएम जनमन योजना पर एक लाख करोड़ रुपये खर्च किया जायेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीब का संघर्ष क्या होता है, मैंने उसको जिया है। निकट से देखा है। तभी तो बीते 10 वर्षों में गरीबों के लिए सबसे बड़ी योजनाएं मैंने बनायीं। इन्हीं योजनाओं का परिणाम है कि 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये। झारखंड में भी गरीबी दूर करने के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है। कांग्रेस और उसके साथी दलों ने लंबे समय तक आदिवासी समाज को गरीब रखा है, अभावों में रखा।

## राज्य में डीजी रैंक के चार आईपीएस अधिकारी दो महीने में होंगे रिटायर

रांची : झारखंड में डीजी रैंक के चार आईपीएस अधिकारी अगले दो महीने में रिटायर हो जायेंगे। इस महीने 30 नवंबर को 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय भटनागर सेवानिवृत्त हो जायेंगे। वे अभी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और वर्तमान में सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा डीजीपी अजय कुमार सिंह और एम मीणा जनवरी, 2025 में और आरके मल्लिक 31 जनवरी, 2025 को रिटायर हो जायेंगे। दूसरी ओर झारखंड कैडर के 2011 बैच के सीनियर एसपी रैंक (सीनियर सिलेक्शन ग्रेड) में प्रोन्नत छह आईपीएस अधिकारी एक जनवरी, 2025 से डीआईजी हो जायेंगे। सीनियर एसपी रैंक में प्रोन्नत अधिकारी को राज्य सरकार चाहे तो वर्तमान में कहीं भी प्रभारी डीआईजी बना सकती है। इनमें चंदन झा, चंदन सिन्हा, प्रियदर्शी आलोक, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोट्टा और अंबर लकड़ा शामिल हैं।

हमने जनहित में काम किया, विरोधी साजिश करते रहे : हेमंत

## मेरे कार्यकाल से पहले झारखंड में चुनाव क्यों



रांची। सीएम हेमंत सोरेन ने फिर कहा कि केंद्र और भाजपा नेताओं ने पांच वर्ष सिर्फ मेरी सरकार को गिराने का काम किया। जब वे सफल नहीं हुए तो, मेरा कार्यकाल पूरा होने से पहले ही झारखंड में विधानसभा चुनाव करा रहे हैं। उन्होंने पूछा, यदि झारखंड में एनडीए की सरकार रहती तो ऐसा होता क्या। सीएम ने कहा, गटबंधन सरकार के विकास कार्यों से डर कर केंद्र सरकार ने यह कदम उठाया। हम चुनाव से नहीं डरते, भाजपा को उसकी साजिश का जनता करारा जवाब देगी। झारखंड में एक बार फिर हमारी सरकार बन रही है। सीएम ने भाजपा पर प्रहार करते हुए स्पष्ट रूप से कहा, झारखंड में न एनआरसी चलेगा और ना ही यूसीसी, यहां तो बस सीएनटी, एसपीटी और पेसा कानून (पंचायत अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार अधिनियम) चलेगा। सीएम श्री सोरेन सोमवार को गढ़वा के भंडरिया और सिमडेगा में चुनावी सभा में बोल रहे थे। सिमडेगा में विलंब से पहुंचने पर क्षमा मांगते हुए हेमंत ने कहा, इसके लिए पीएम मोदी जिम्मेवार हैं। पूरे भाषण के दौरान अधिकांश समय हेमंत सोरेन भाजपा पर शब्दों से हमले करते रहे। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां ना पुरानी पेंशन है और न ही सर्वजन पेंशन है। सीएम हेमंत सोरेन ने डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से इंडिया ब्लॉक सह कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी को भारी मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज मइया योजना से लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज हर बुजुर्ग महिला व पुरुष को पेंशन मिल रहा है। सरकार गांव गांव जा कर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही है।

### यहां सिर्फ सीएनटी, एसपीटी और पेसा कानून ही चलेगा

सिमडेगा में मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि झारखंड में एनआरसी और यूसीसी नहीं यहां तो बस सीएनटी, एसपीटी और पेसा कानून चलेगा। यहां निर्धारित समय से कार्यक्रम में करीब डेढ़ घंटे विलंब से पहुंचे। इसके बाद उन्होंने मंच पर चढ़ते ही सीधे माइक अपने हाथों में थाम लिया। लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी के कार्यक्रम के कारण उनके हेलिकॉप्टर को समय से उड़ने नहीं दिया गया। इस कारण उन्हें सिमडेगा पहुंचने में विलंब हुआ। उन्होंने कहा कि झारखंड का विकास तो केवल महागठबंधन की सरकार ही कर सकती है बाकी कोई नहीं। उन्होंने कांग्रेस के सिमडेगा प्रत्याशी के पक्ष में लोगों से वोट देने की अपील की।

## योगी, राजनाथ सिंह, खड़गे व सचिन पायलट आज झारखंड में

### यूपी सीएम करेंगे तीन चुनावी सभा





रांची। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को झारखंड में तीन चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इसमें डोमचांच, बड़कागांव और जमशेदपुर की जनसभा शामिल है। कोडरमा में डोमचांच के चंद्रावती स्कूल ग्राउंड में योगी की सुबह 10:30 बजे से जनसभा होगी। वहीं, हजारीबाग के बड़कागांव के प्लस टू हाई स्कूल मैदान में दोपहर 12:00 बजे से और जमशेदपुर के आम बागान ग्राउंड में दोपहर 1:30 बजे से जनसभा होगी। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 5 नवंबर को रांची जिले के रातु स्थित सीएन राज छोटानागपुर हाई स्कूल मैदान में दोपहर 12:00 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद श्री सिंह दोपहर 1:30 बजे से लोहरदगा जिले के समाहरणालय मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन मांडू विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल और कांके विधानसभा क्षेत्र में सुरेश बैठा के पक्ष में दो जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट भी रांची पहुंच रहे हैं। वे जमशेदपुर पूर्वी से प्रत्याशी डॉ अजय कुमार के पक्ष में रोड शो करेंगे और चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

### शिवराज सारठ में

वहीं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की सारठ, आसनसोल और मधुपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह दुमका जिले के मुरहाबहाल मोतीपुर मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। मधुपुर स्थित करौन स्कूल मैदान में दोपहर 2:00 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

## अपने दामन में झांके भाजपा, इंडिया गठबंधन पर परिवारवाद का आरोप अनुचित : सुप्रिया श्रीनेत

रांची । सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा को परिवारवाद पर घेरा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि परिवारवाद पर बीजेपी दोहरा रूख अपना रही है। इस विधानसभा चुनाव में इनके द्वारा 33 टिकट किसी न किसी नेता के रिश्तेदार को बांटे गए हैं। प्रधानमंत्री जी को इसका हिसाब देना चाहिए। उन्होंने केंद्र पर राज्य सरकार का बकाया 1 लाख 36 हज़ार करोड़ रुपए अविलंब देने की मांग की।

श्रीनेत ने कहा कि भाजपा सरना कोड पर आदिवासियों को धोखा दे रही है। राज्य सरकार ने सारना कोड को लागू करवाने के लिए कैबिनेट से प्रस्ताव पास कर केंद्र को भेजा। लेकिन दो साल बीतने के बावजूद अभी तक केंद्र सरकार द्वारा इस प्रस्ताव को लटका कर रखा गया है।

उन्होंने कहा कि हमने राज्य में ओबीसी का आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया लेकिन केंद्र सरकार इसपर विचार करने को तैयार नहीं है।

## मुख्य सचिव ने राज्यपाल से की मुलाकात

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को राज्य की नवनियुक्त मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज भवन में मुलाकात की। राज भवन की ओर से बताया गया कि यह मुख्य सचिव की शिष्टाचार मुलाकात थी।



मंडल मुर्मू के बीजेपी में शामिल होने पर महुआ माजी ने कहा

## हमें कोई फर्क नहीं पड़ने वाला, भाजपा ऐसे कामों मे लगी रहती है

रांची। रांची से झामुमो प्रत्याशी महुआ माजी ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले में बीजेपी को जवाब दिया है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री और झारखंड के बीजेपी सह-प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा के घुसपैठ वाले बयान पर कहा कि अगर किसी दूसरे देश से लोग यहां आ रहे हैं तो यह राज्य नहीं केंद्र की समस्या है। केंद्र इसे रोकने में नाकामयाब है। केंद्रीय गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए क्योंकि उन्होंने अपनी भूमिका नहीं निभायी। साथ ही उन्होंने मुख्मंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावक मंडल मुर्मू के बीजेपी में शामिल होने पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी हमेशा इस प्रकार के कामों में लगी रहती है। लेकिन इससे हमें कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। झारखंड की जनता हेमंत सोरेन के काम से खुश है। जानता चाहती है कि उन्हें ऐसा ही नेता मिले जो उनके बारे में सोचे। बीजेपी ने 17-18 साल की सरकार में कुछ नहीं किया।



# भगोड़ा प्रत्याशी कितना भी रायता फैला ले, जनता सब जानती है: बन्ना गुप्ता

**जमशेदपुर।**

जमशेदपुर पश्चिमी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने कहा कि जिस पार्टी ने सरयू राय को मंत्री बनाया. उन्होंने पिछले चुनाव में अपनी ही पार्टी को रसातल में भेज दिया. आज फिर उसी पार्टी का नाम आगे कर वे जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं. किंतु विपक्ष का भगोड़ा प्रत्याशी कितना भी रायता फैला ले, ये जनता है, सब जानती है. बन्ना गुप्ता ने कहा कि जमशेदपुर की जनता पढ़ी लिखी, बुद्धिजीवी एवं सुसंस्कृत विचारों की है. वो जात पात धर्म के पचड़े में नहीं फंसेगी. बल्कि विकास के नाम पर अपना जनप्रतिनिधि चुनेगी. जमशेदपुर की जनता देख रही है कि सोनारी दोमुहानी संगम में भव्य द्वार किसने



बनवाया. जनता देख रही है कि मानगो में फ्लाइ ओवर का काम किसने आरंभ करवाया. जनता देख रही है कि एमजीएम के नए अस्पताल भवन का उदघाटन हो चुका है. बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड की माताओं के खाते में मईया सम्मान योजना का लाभ पहुंच रहा है. कदमा सोनारी की सड़कों का चौड़ीकरण हो रहा है. जमशेदपुर की हर गली में पेवर्स ब्लॉक लगाए जा चुके हैं. बन्ना गुप्ता ने कहा कि जो काम अधूरे बच गए हैं, मैं उन्हें पूर्ण करने के लिए कृतसंकल्पित हूं.। सोनारी एवं धतकीडीह के सैकड़ों युवा आज केंद्रीय चुनावी कार्यालय, कदमा में पहुंचे और बन्ना गुप्ता में अपनी आस्था जताई. बन्ना गुप्ता ने सबको कांग्रेस का पट्टा पहना कर पार्टी में शामिल कराया. उन्होंने कहा कि युवा वर्ग बाँटने वालों की गंदी राजनीति के षड़यंत्र में नहीं फंसना है. बल्कि राजनीति के माध्यम से यथासंभव समाजसेवा करनी है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल किशोर अग्रवाल एवं जम्मी भास्कर ने कहा कि हर चुनाव में एनडीए झूठा नारा देकर जनता को दिग्भ्रमित करती है. एनडीए कहती है - चुपेचाप तीर छाप, चुपेचाप कमल छाप, चुपेचाप केला छाप. किंतु मैं कहता हूँ कि श्लोकतंत्र के महापर्व में काहे का चुपचाप.श आप खुल के पंजा छाप पर वोट करें. खुल के अपने प्रत्याशी बन्ना गुप्ता का साथ दें. क्योंकि उन्होंने विकास के कई काम किए हैं। शास्त्रीनगर और साकची में हुई पदयात्रा, शंकोसाई में जनसभाः- जमशेदपुर पश्चिमी के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने शास्त्रीनगर और साकची में पदयात्रा कर जनसंपर्क किया. पदयात्रा में बन्ना गुप्ता को अपार जनसमर्थन मिला. जिस गली से वे गुजर रहे थे, वहीं घरों से निकल निकल कर महिलाएं और युवा पदयात्रा में जुड़ते चले गए. बन्ना गुप्ता ने मानगो के शंकोसाई के रहने वाले निवासियों के साथ बैठक की. उन्होंने सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी उपस्थित मतदाताओं को दी. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार राज्य की हर माताओं बहनों को मईया सम्मान योजना देने का काम कर रही है. यह सरकार पेंशन देने का कार्य कर रही है।

## न्यूज़ अपडेट

### झारखंड प्रदेश पान (तांती) स्वांसी समाज ने सरयू राय को दिया समर्थन

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश पान (तांती) स्वांसी समाज ने जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार श्री सरयू राय को अपना समर्थन दिया है.

समाज के महासचिव ओम प्रकाश तांती ने यहां जारी एक बयान में कहा कि इस विधानसभा चुनाव में समाज श्री सरयू राय को वोट करेगा. हम लोगों ने उन्हें अपना पूरा समर्थन दिया है. हम उनका अभिनंदन करते हैं. श्री तांती ने कहा कि तांती समाज एक लंबे अर्से से अपना सामुदायिक भवन मांगता रहा पर किसी ने नहीं सुनी. सुनी तो सिर्फ आपने. आपने सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया, जल्द ही वह भवन बन कर तैयार हो जाएगा.

### बाबर खान ने चलाया तूफानी जनसंपर्क अभियान लोगों से किया पतंग छाप के पक्ष में वोट करने की अपील की

जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा अंतर्गत मानगो के आजाद नगर क्षेत्र में ऑल इंडिया इतिहादुल मुस्लेमीन ( MIM) के प्रत्याशी बाबर खान ने चलाया तूफानी जनसंपर्क अभियान लोगों से किया अपने पक्ष में वोट करने की अपील 13 नवम्बर को एश्ट क्रमांक संख्या 10 पर पतंग छाप के बटन दबा कर भारी से भारी मतों से विजय बनाने की अपील की है

बाबर खान ने तूफानी दौरे में अलीबाग, हड्डी गोदाम, खुशबू नगर, खालिद सैफुल्ला मस्जिद, ओड पुरूलिया रोड रोड नंबर एक, करीम सिटी कॉलेज, अशर्फियां खानकाह, मदरसा रशीदिया में लोगों से पदयात्रा कर मुलाकात की और लोगों को भरोसा दिलाया हम जन समस्याएं को दूर कर विकास करेंगे टाटा के गैर कंपनी क्षेत्र की तस्वीर एवं तकदीर बदल जाए गी। आज के पद यत्रा में अक्टक्ट के जिला अध्यक्ष सालिक जावेद फखरुद्दीन अंसारी इमरान खान महबूब आलम,वकील खान ,इलयास मालिक,गुलशेर अली,साहिल खान कैफ़ी, तहशीन हमजा, मोहम्मद सलीम के अलावा काफी संख्या लोग शामिल थे।

### ऐतिहासिक होगी योगी आदित्यनाथ की जनसभा, आज आमबगान मैदान में उमड़ेगी जनता - काले



**जमशेदपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ का आगमन 5 नवंबर दोपहर 1 बजे जमशेदपुर के आमबागान मैदान में होगा। उनके आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में अभूतपूर्व उत्साह है।

प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने अपनी ओजस्वी वक्तृत्व शैली, कुशल रणनीति और कठोर प्रशासन के माध्यम से एक प्रभावशाली नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उनके आगमन से न केवल जमशेदपुर, बल्कि कोल्हान क्षेत्र की सभी सीटों पर भाजपा की जीत तय है।

योगी आदित्यनाथ अपने संबोधन में झारखंड के विकास के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालेंगे। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति और भाजपा शासित राज्यों में लागू जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलता का विवरण देंगे।

इस सभा में योगी जी विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, और झारखंड के समग्र विकास पर अपनी दृष्टि साझा करेंगे। उनका अनुभव और सुशासन का मॉडल झारखंड के लिए प्रेरणादायक साबित होगा।

अमरप्रीत सिंह काले ने जनता से आग्रह किया कि वे भारी संख्या में सभा में शामिल होकर योगी आदित्यनाथ के विचारों को सुनें और भाजपा के को सभी सीटों पर जीतने का संकल्प लें। उन्होंने कहा, यह सभा न केवल भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रेरित करेगी, बल्कि झारखंड की राजनीति में नया जोश और ऊर्जा का संचार करेगी।

# सांसद पप्पू यादव ने जमशेदपुर पूर्वी की जनता से डॉ. अजय को जीताने की अपील की

**जमशेदपुर।**

कांग्रेस प्रत्याशी डा. अजय कुमार के पक्ष में पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने सोमवार को जमशेदपुर पूर्वी के जनता से वोट देने की अपील की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर लोगों के साथ बैठक किया एवं रणनीति पर चर्चा की. पप्पू यादव ने आज काशीडीह, टुईलाडुंगरी, बर्मामाइन्स, जोजोबेड़ा, रामदीन बागान, जेम्को, भुईंयाडीह और सिदगोड़ा में बैठक की. इस दौरान पप्पू यादव ने कहा कि डा. अजय किसी परिचय के मोहताज नहीं, उन्होंने हमेशा ईमानदारी से काम किया है. उनकी छवि काम करने वाले जनप्रतिनिधि के रुप में है, अगर जमशेदपुर की जनता ने समर्थन दिया तो निश्चित रुप से वो सुरक्षित एवं विकसित जमशेदपुर का लोगों का सपना को पूरा करेंगे. यह चुनाव स्वभिमान की लड़ाई है. यह लड़ाई भ्रष्टाचार और एक परिवार के आतंक के खिलाफ है. 25 वर्षों से एक परिवार के आतंक से मुक्ति के लिए जमशेदपुर पूर्वी की जनता को एकजुटता



दिखानी होगी और डा. अजय कुमार को भारी बहुमत जीताना होगा। भाजपा करती है नफरत की राजनीतिः- पप्पू यादव ने कहा कि भाजपा समाज को बांटने एवं सत्ता हासिल करने में विश्वास करती है. 2024 का विधानसभा आदिवासियों मुलवासियों की अस्मिता व स्वभिमान की लड़ाई है. जल,जंगल और जमीन बचाने की लड़ाई में जनता को निर्णय लेना होगा। पप्पू यादव ने साकची गुरुद्वारा में माथा टेका इस दौरान सिख समाज के लोगों ने अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया. मौके पर पप्पू यादव ने सिख समाज से कांग्रेस प्रत्याशी डा. अजय कुमार को समर्थन देने की अपील की. उन्होंने कहा कि सिख समाज हमेशा जनसेवा की भावना से कार्य करता है. सीजीपीसी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र सहित समाज के लिए लगातार कार्य किया जाता है. जिसकी जितनी तारीफ की जाए वो कम है. उन्होंने ईमानदार,शिक्षित एवं सर्वसुलभ डा. अजय कुमार को जीताने की अपील की. इस अवसर पर विजय यादव,परिवंदर सिंह,राकेश साहू, विनोद यादव,गोपाल यादव, सुरेश राय,योगेन्द्र यादव, सुभाष यादव, विनोद यादव, भूषण यादव,सुनील यादव, संजीव श्रीवास्तव और ज्योतिष यादव मुख्य रुप से उपस्थित थे।

# सैमसंग और गार्डन सिटी यूनिवर्सिटी ने की अत्याधुनिक एआई और मशीन लर्निंग लैब की स्थापना



**गुरूग्राम।**

सैमसंग आरएंडडी इंस्टीट्यूट इंडिया-बैंगलोर (एसआरआई-बी) ने गार्डन सिटी यूनिवर्सिटी (जीसीयू) के साथ मिलकर 'सैमसंग स्टूडेंट इकोसिस्टम फॉर इंजीनियर्ड डेटा (एसईईडी) लैब' की स्थापना की है। इस पहल के तहत छात्रों और शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल) और डेटा इंजीनियरिंग में गहन अनुभव मिलेगा। एसईईडी लैब में, जीसीयू के छात्र और शिक्षक सैमसंग के वरिष्ठ इंजीनियरों के मार्गदर्शन में प्राकृतिक भाषा समझ, स्पीच और टेक्स्ट रिकॉग्निशन जैसी नवीन तकनीकों पर काम करेंगे। इस लैब के माध्यम से छात्रों को वास्तविक समस्याओं का समाधान करने और उद्योग-तैयार कौशल विकसित करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। सैमसंग ने पहले ही कर्नाटक और तमिलनाडु में चार अन्य सीड लैब्स स्थापित की हैं, जिनमें 400 से अधिक छात्र एआई और डेटा-संबंधी परियोजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। इस संबंध में एसआरआई-बी के चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर मोहन राव गोली ने कहा कि टेक्नोलॉजी तेजी से बदल रही है, और हम भारतीय इंजीनियरों और भाषाविदों को उद्योग के लिए तैयार करने हेतु स्थानीय इकोसिस्टम के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। गार्डन सिटी यूनिवर्सिटी के साथ यह साझेदारी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गार्डन सिटी यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. जोसेफ वीजी ने कहा कि ''भविष्य के प्रोफेशनल्स और इनोवेटर्स को तैयार करने के लिए इंडस्ट्री के साथ सहयोग जरूरी है। सैमसंग के साथ यह साझेदारी छात्रों को उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगी और हमारे शैक्षिक और उद्योग संबंधों को और मजबूत करेगी।'' 1500 वर्गफीट में फैली इस लैब में, डेटा प्रबंधन और आर्काइविंग के लिए उन्नत इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है, जो 30 लोगों को एक साथ काम करने का अवसर प्रदान करता है।

# पोलिंग पदाधिकारी -2 को दिया गया प्रशिक्षण, दायित्वों से कराया गया अवगत

**संवाददाता।**

विधानसभा चुनाव को लेकर वीमेंस यूनिवर्सिटी, सिदगोड़ा में पोलिंग पदाधिकारी-2 को प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षणार्थियों को को स्वच्छ मतदान के तरीके समझाएं गए । उन्हें बताया गया कि त्रुटिरहित, निष्पक्ष व भयमुक्त मतदान



सुनिश्चित कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसके लिए मतदान दल अनिवार्य रूप से निर्वाचन आयोग की मार्ग-निर्देशिका के अनुरूप प्रशिक्षण हासिल करें, कोई शंका हो तो प्रशिक्षण अवधि में ही दूर कर लें। मास्टर ट्रेनर ने कहा कि प्रशिक्षण का हर बिन्दु महत्त्वपूर्ण है, मतदान दल इसे गंभीरता से लें और बताए गए सभी बिंदुओं को ध्यान से सुनें। मतदान से संबंधित कोई भी कार्य अपने मन से निष्पादित नहीं करना है, आयोग के नियमों का अक्षरशः अनुपालन जरूरी है। प्रशिक्षणार्थियों को मॉक पोल की प्रक्रिया, सीआरसी, वोटिंग रिपोर्ट, टाइम प्रबंधन आदि बिंदुओं पर जानकारी दी गई ।

# टाटा टी अग्नि लीफ ने छठ पूजा पर पेश की सिक्की कला से सजी विशेष पैकेजिंग

**जमशेदपुर**/बिहार और झारखंड का प्रमुख चाय ब्रांड, टाटा टी अग्नि लीफ इस बार छठ पूजा के मौके पर बिहार की प्राचीन और अद्वितीय 'सिक्की घास शिल्प' कला को सम्मानित कर रहा है। इसके लिए ब्रांड ने विशेष त्योहार पैक श्रृंखला लॉन्च की है, जो बिहार की सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ाव का प्रतीक है। छठ पूजा के उपलक्ष्य में पटना के सिटी सेंटर मॉल में 4 और 5 नवंबर को 'सिक्की कला महोत्सव' का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों को बिहार की इस पारंपरिक कला से परिचित कराया गया। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के भारत एवं दक्षिण एशिया के पैकेज्ड बेवरेजेज के अध्यक्ष, पुनीत दास ने इस विशेष पैकेज और इंस्टॉलेशन का अनावरण करते हुए कहा कि टाटा टी अग्नि लीफ को छठ पूजा का हिस्सा बनकर गर्व महसूस होता है। उन्होंने कहा कि यह अवसर हमें क्षेत्रीय गौरव और सांस्कृतिक विरासत को समर्थन देने का मौका प्रदान करता है, और इस साल हम अपने उपभोक्ताओं के लिए सिक्की घास कला को प्रदर्शित कर खुश हैं, जिन्होंने ब्रांड को बिहार और झारखंड में लोकप्रिय बनाया है

# डीसी-एसएसपी ने को-ऑपरेटिव और एलबीएसएम कॉलेज में ईवीएम एवं वीवीपैट की कमीशनिंग का किया निरीक्षण

## चुनाव आयोग के गाइडलाइन से सावधानी, सजगता व कुशलतापूर्वक अच्छी तरह मशीनों की जांच करने का निर्देश

**जमशेदपुर।**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने को-ऑपरेटिव कॉलेज व एलबीएसएम कॉलेज में चल रहे ईवीएम व वीवीपैट मशीन की कमिशनिंग कार्य का जायजा लिया। विदित हो कि जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी और जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में प्रयुक्त होने वाले ईवीएम व वीवीपैट मशीन के कमिशनिंग का कार्य को-ऑपरेटिव कॉलेज वहीं बहरागोड़ा, घाटशिला एवं पोटका विधानसभा क्षेत्रों का कमिशनिंग एलबीएसएम कॉलेज में किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सावधानी, सजगता व कुशलतापूर्वक अच्छी तरह मशीनों की जांच कर लें। किसी भी तरह की शंका होने पर अपने वरीय से सम्पर्क कर तत्काल समाधान करें। को-ऑपरेटिव कॉलेज मतगणना स्थल के रूप में



भी चिन्हित है। निरीक्षण के दौरान जिले के वरीय पदाधिकारियों ने स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, पार्किंग स्थल, मतदान सामग्री वितरण स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, सीटीटीवी निगरानी कक्ष, सहित सभी आवशयक व्यवस्था की भी समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दल रवानगी, वापसी और मतगणना दिवस के दिन के लिए पार्किंग व्यवस्था के लिए दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सम्बंधित आर.ओ व ए.आर.ओ उपस्थित थे।

विधानसभा निर्वाचन अभ्यर्थियों का पहला व्यय लेखा मिलान संपन्नः- विधानसभा निर्वाचन के अभ्यर्थियों का व्यय सम्बंधी लेखा की पहली जांच व्यय प्रेक्षकों, कोषांग के वरीय एवं प्रभारी पदाधिकारी की उपस्थिति में वाणिज्य कर कार्यालय, जमशेदपुर के सभागार में किया गया । इस दौरान 44 बहरागोड़ा के 13, 45 घाटशिला के 11, 46 पोटका के 11, 47 जुगसलाई के 11, 48 जमशेदपुर पूर्व के 18 व 49 जमशेदपुर पश्चिम के 19 अभ्यर्थी व उनके प्रतिनिधि चुनावी व्यय मिलान हेतु उपस्थित हुए। विदित हो कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा सभी अभ्यर्थियों के व्यय सम्बंधी लेखा की जांच हेतु तीन तिथियां निर्धारित की गई हैं। दूसरा व्यय लेखा मिलान 06 नवंबर एवं तीसरा व्यय लेखा मिलान 10 नवंबर को किया जाएगा। पूर्वाह्न 10.30 से 5 बजे अपराह्न तक व्यय लेखा का मिलान किया जा रहा। उक्त जांच को लेकर अभ्यर्थी को स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत चुनाव अभिकर्ता के माध्यम से लेखा जांच दल के समक्ष जांच कराने हेतु मूल व्यय पंजी के साथ उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

वल्नरेबल पॉकेट का निरीक्षण करने का निर्देशः- विधानसभा चुनाव में सभी मतदाता बिना किसी दबाव, प्रलोभन एवं भय के मतदान कर सकें इस बाबत जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा सभी बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी को वल्नरेबल पॉकेट का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में बीडीओ जमशेदपुर सदर सुमित प्रकाश एवं थाना प्रभारी द्वारा गोविंदपुर थाना क्षेत्र तथा सीओ पोटका निकिता बाला एवं संबंधित थाना प्रभारी द्वारा बूथ 235, 260 चदराडीह और मंगरु में वल्नरेबल पॉरेट के मतदाताओं से संवाद स्थापित कर मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

मतदाता सूचना पर्ची का वितरणः- साथ ही पदाधिकारियों ने मतदाता सूचना पर्ची का वितरण कर अपील किया कि आगामी 13 नवंबर को शत प्रतिशत मतदाता अपने बूथ पर जाकर भयमुक्त होकर मतदान करें। किसी भी व्यक्ति द्वारा उन्हें धमकी, प्रलोभन, उपहार या दबाव दिया जाता है तो तत्काल प्रखंड प्रशासन, थाना प्रभारी को सूचित करें, दोषियों को चिन्हित कर सुसंगत धाराओं में कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# शोध चर्चा और बैंकॉक सम्मेलन में शामिल होंगे डॉ. राजेश तिवारी की मलेशिया-थाईलैंड यात्रा

**जमशेदपुर।**

आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्राचार्य, डॉ. राजेश कुमार तिवारी, 5 नवंबर मंगलवार को जमशेदपुर से मलेशिया और थाईलैंड के प्रतिष्ठित संस्थानों में शैक्षणिक चर्चाओं के लिए रवाना हो रहे हैं, जहाँ वे प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपने विशेषज्ञता को साझा करेंगे। इस यात्रा के दौरान डॉ. तिवारी मलेशिया के इंफ्रास्ट्रक्चर यूनिवर्सिटी कुआलालंपुर में एक महत्वपूर्ण अनुसंधान विमर्श में भाग लेंगे, जिसके बाद वे बैंकॉक में एक प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे। यात्रा के दौरान, डॉ. तिवारी अग्रणी मलेशियाई शिक्षाविदों के साथ इंजीनियरिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास में सहयोगात्मक अनुसंधान पहलों का पता लगाएंगे। इस चर्चा का उद्देश्य दोनों देशों के अनुसंधान क्षेत्रों में प्रगति में योगदान और संस्थागत साझेदारी को बढ़ावा देना है। मलेशिया में अपनी व्यस्तताओं के बाद, डॉ. तिवारी बैंकॉक, थाईलैंड के लिए रवाना होंगे, जहाँ उन्हें 7 और 8 नवंबर



को आयोजित ष्इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रिसेंट डेवलपमेंट्स इन टेक्नोलॉजीष में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह सम्मेलन वैश्विक स्तर पर विद्वानों और उद्योग विशेषज्ञों को नवीनतम नवाचारों और प्रौद्योगिकी के रुझानों पर चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करेगा। डॉ. तिवारी का मुख्य भाषण उभरती प्रौद्योगिकियों, उनके सामाजिक प्रभाव की संभावनाओं, और एक स्थायी भविष्य के निर्माण में अनुसंधान की भूमिका पर केंद्रित होगा। डॉ. तिवारी की यह अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी तकनीकी अनुसंधान और शिक्षा में उनके योगदान और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उनके प्रयास सहयोगात्मक नवाचार को प्रेरित करने और वैश्विक तकनीकी परिदृश्य में भारत को एक प्रमुख नेता के रूप में स्थापित करने का उद्देश्य रखते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### उलीडीह में कल्पना सोरेन के चुनावी जनसभा में महागठबंधन के कई बड़े नेता रहे नदारद

**मानगो, एजेंसी।** मानगो उलीडीह में आयोजित महागठबंधन की चुनावी जनसभा में लोगों की कम उपस्थिति ने राजनीतिक गलियारों में चर्चा को बढ़ा दिया है। झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन के भाषण के दौरान भी कई कुर्सियां खाली दिखीं। महागठबंधन के बड़े नेता व कार्यकर्ता भी नदारद रहे, लेकिन जमशेदपुर पूर्वी में आयोजित रोड शो में जनसैलाब उमड़ पड़ा, जिसमें महागठबंधन के सभी दलों के बड़े नेता शामिल हुए। रोड शो के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन व बिहार के सांसद पप्पू यादव ने डॉ अजय कुमार के समर्थन में जनता से वोट देने की अपील की। यह दो अलग–अलग चुनावी सभाएं जमशेदपुर की राजनीतिक स्थिति को दर्शाती हैं। एक ओर जहां महागठबंधन की चुनावी सभा में लोगों की कम उपस्थिति दिखी, वहीं दूसरी ओर रोड शो में जनसैलाब उमड़ पड़ा। चुनावी जनसभा में लोगों की कम उपस्थिति के संबंध में झामुमो मानगो नगर कमेटी के अध्यक्ष फतेह चंद टुडू ने बताया कि वे चुनावी जनसभा के दौरान जाम में फंस गये थे। जिसकी वजह से समय पर नहीं पहुंच सके थे। जब कल्पना सोरेन का भाषण समाप्त हो रहा था, उस वक्त किसी तरह वहां पहुंचे। शनिवार की शाम को ही उलीडीह जनसभा को सफल बनाने पर विचार विमर्श हुआ था। लेकिन रविवार को चुनावी जनसभा में लोगों की कम उपस्थिति ने चिंता में डाल दिया। इसपर महागठबंधन को गंभीरता से लेते हुए विचार मंथन करना चाहिए।

### भ्रम में नहीं रहें सिलिंडर ही कमल और कमल ही सिलिंडर है : सरयू राय

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी सरयू राय ने रविवार को व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से कहा कि वे किसी भ्रम में न पड़ें। इस चुनाव में कमल ही सिलिंडर है और सिलिंडर ही कमल है। कदमा के शास्त्रीनगर और रानीकुदर से अपनी पदयात्रा की शुरुआत करते हुए श्री राय कई क्षेत्रों में गये। कदमा के रामनगर में उन्होंने लोगों से मुलाकात कर पानी की उपलब्धता, साफ–सफाई आदि के बारे में जानकारी ली। वे भाटिया बस्ती भी गये। वहां विगत दिनों एक परिवार में हादसा हो गया था। वह परिजनों को ढांढ़स बंधाने वहां पहुंचे। यहां से वह साकची के शिवपुरी कॉलोनी पहुंचे। इसके बाद राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के घोड़ाबांधा स्थित आवास पर पहुंचे। यहां श्री मुंडा की तरफ से काली पूजा का भोग वितरण का आयोजन किया गया था। भोग ग्रहण करने के बाद श्री राय सोनारी के गांधी रोड में जनसंपर्क किया। सोनारी के ही बच्चा सिंह बस्ती तथा बलराम बस्ती में भी गये। वे गुदड़ी बाजार सिनेमा मैदान भांगड़ समिति द्वारा आयोजित आरती में भी शामिल हुए। शाम में न्यू सीपी क्लब में उन्होंने विभिन्न समुदायों के लोगों के साथ बैठक की। सोनारी में ही उन्होंने खूंटाडीह में आयोजित भजन संध्या में भी हिस्सा लिया। इसके बाद तरूण संघ, सोनारी में श्री राय ने बंगाली समाज के लोगों के साथ बैठक की। इसके बाद श्री राय सोनारी और मानगो में दो स्थानों पर आयोजित चित्रगुप्त पूजा से संबंधित आयोजनों में शामिल हुए।

### इस विधानसभा सीट पर 2000 के बाद लगातार दूसरा टर्म नहीं जीत सका है कोई विधायक

**गुमला, एजेंसी।** सिसई विधानसभा 1951 ई। में बना था। यह अनुसूचित जनजाति सीट है। अब तक इस क्षेत्र की जनता ने 17 विधायक चुने। सिसई विस के पहले विधायक बलिया भगत थे। परंतु झारखंड बनने के बाद कोई विधायक लगातार दूसरी बार चुनाव नहीं जीत सका है। क्योंकि सिसई विस क्षेत्र की जनता एक चुनाव के बाद दूसरे चुनाव में विधायक को हरा देते हैं। इसलिए वर्तमान विधायक जिग्गा सुसारन होरो के सामने लगातार दूसरी बार विधायक बनने की चुनौती रहेगी। क्योंकि सिसई विस क्षेत्र की जनता का मूड हर पांच साल में बदल जाता है ।हालांकि झारखंड गठन से पहले के विधायकों पर गौर करें, तो सिर्फ बंदी उरांव एक ऐसे नेता हैं, जिन्होंने दो–दो बार लगातार चुनाव जीतने का रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने सिसई विस सीट से चार बार विधायक रहे हैं। 1980 व 1985 में लगातार दो बार बंदी उरांव विधायक बने। परंतु हैट्रिक नहीं मार सके। परंतु पुन~ 1991 व 1995 में दो बार वे विधायक बनने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है।

# देवघर एसपी को हटाने पर झारखंड सरकार और चुनाव आयोग आमने-सामने

**देवघर, एजेंसी।** राज्य सरकार ने चुनाव आयोग से देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को पद से विमुक्त करने का कारण पूछा है। गृह विभाग द्वारा चुनाव आयोग को पत्र लिख कर कहा है कि पदाधिकारियों के कार्य व मनोबल पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसके लिए जरूरी है कि डुंगडुंग को देवघर एसपी से हटाने के कारणों व परिस्थितियों की जानकारी राज्य सरकार को होनी चाहिए। इधर, चुनाव आयोग ने राज्य सरकार को रिमाइंडर भेज कर पूर्व में दिये गये निर्देश के अनुसार देवघर एसपी के पद पर नियुक्ति के लिए अधिकारियों का पैनल उपलब्ध कराने के लिए कहा है।




मालूम हो कि 29 अक्तूबर को ही चुनाव आयोग ने अजीत पीटर डुंगडुंग को देवघर एसपी के पद से हटाने का आदेश दिया था। लेकिन राज्य सरकार ने अब तक चुनाव आयोग के आदेश का अनुपालन नहीं किया है। आदेश के तीन दिन बाद भी गृह विभाग ने अधिकारियों का पैनल चुनाव आयोग को नहीं भेजा। उधर, डुंगडुंग भी देवघर एसपी के पद पर बने हुए हैं। इसी के मद्देनजर आयोग ने राज्य सरकार को रिमाइंडर भेजा है।

गृह विभाग द्वारा भेजे गये पत्र में कहा गया है कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार डुंगडुंग को देवघर एसपी के प्रभार से मुक्त करने, जिला के अन्य वरीयतम पुलिस अधिकारी को प्रभार सौंपने व चुनाव आयोग के पास तीन अधिकारियों का पैनल भेजने से संबंधित प्रस्ताव मुख्यमंत्री सचिवालय को भेजी गयी थी। मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा डुंगडुंग को पद से हटाने की पृष्ठभूमि की जानकारी चुनाव आयोग से प्राप्त करने का निदेश दिया गया है। चुनाव आयोग के डुंगडुंग को तत्काल प्रभाव से पद से हटाने के निर्देश में कारण का उल्लेख नहीं किया गया है इससे यह स्पष्ट नहीं होता है कि उनके देवघ एसपी बने रहने से चुनाव की निष्पक्षता कैसे प्रभावित होगी। चुनाव आयोग की अवहेलना य किसी प्रतिकूल कार्य में लिप्त रहने का कोई दृष्टां उल्लेखित नहीं है।

पत्र में गृह विभाग ने कहा है कि आयोग द्वार किसी जिले में पदस्थापन या स्थानांतरण वे संबंध में दिये गये निर्देशों की परिधि में भी डुंगडुं नहीं आते हैं। आदर्श आचार संहिता प्रभावी हों के 15 दिनों के बाद जब डुंगडुंग बेहतर ए प्रभावी कार्य कर रहे थे, तब अचानक बिना को कारण बताये स्थानांतरण आदेश निर्गत करने की स्थिति में सभी प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों वे मन में शंका उत्पन्न हो सकती है। ऐसे में निष्पक्ष बरकरार रखने के लिए डुंगडुंग को पद से हटा का कारण बताया जाना आवश्यक है।

# मंइयां सम्मान योजना से भाजपा घबरा गई है : कल्पना सोरेन

**जमशेदपुर/चाईबासा, एजेंसी।** झामुमो की स्टार प्रचारक विधायक कल्पना सोरेन ने रविवार को जमशेदपुर और चाईबासा में कांग्रेस व झामुमो प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला।जमशेदपुर में मानगो के आदिवासी बहुल उलीडीह के फुटबाल मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता के पक्ष में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कल्पना ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने कम समय में जो विकास का काम किया है, उसकी बदौलत हम आपके पास आशीर्वाद मांगने आए हैं।



**मंइयां सम्मान योजना के बारे में क्या बोलीं कल्पना :** उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता जवाब देगी कि समाज को तोड़ने वालों की सरकार बनेगी या जोड़ने वाले की। भाजपा चाहती है कि हिंदू, मुस्लिम, अगड़ा-पिछड़ा करते रहें और जनता को दिगभ्रमित करते रहे, लेकिन अब इन्हें यहां की जनता समझ चुकी है। आज मंइयां सम्मान योजना से 55 लाख महिलाओं के खाते में राशि खटाखट जा रही है, जो हेमंत सोरेन की सोच है। उधर, चाईबासा में मझगांव विधानसभा क्षेत्र के कुमारडुंगी प्रखंड के अंधारी में आइएनडीआइए प्रत्याशी निरल पुरती व सोनाराम सिंकू के लिए आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कल्पना ने कहा कि मंइयां सम्मान योजना से भाजपा घबरा गई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने झारखंड में 20 साल राज किया, लेकिन राज्य को उस हालत में छोड़ दिया था, जबकि हेमंत सोरेन पांच साल में झारखंड को विकास के रास्ते पर लेकर आए हैं। आप लोगों का सहयोग मिलेगा तो आने वाले समय झारखंड में महागठबंधन की सरकार अपने बचे हुए विकास कार्य को बहुत तेजी से पूरा करेगी।

कल्पना मझगाांव विधानसभा में चुनावी सभा के बाद एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर पलटवार करते हुए कहा कि असम के मुख्यमंत्री को झारखंड में आदिवासियों की चिंता है तो सबसे पहले असम के चाय बगान में काम करने वाले मजदूर भाइयों को आदिवासी का दर्जा राज्य में क्यों नहीं दे रहे हैं।

पहले चरण की मतदान की तिथि करीब आते-आते राजनीतिक दलों में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हुआ है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने रविवार को भाजपा के नेताओं पर निशाना साधा। महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने गृहमंत्री अमित शाह से सवाल किया कि वे हेमंत सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं।

देश जानता है कि सबसे बड़े भ्रष्टचारी भाजपा में हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री रहते उनपर आरोपों पर शाह क्या कहेंगे। हिमंत बिस्व सरमा, येदियुरप्पा को सीएम कैसे बना दिया। बाहर के नेताओं की बात छोड़ दीजिये। कमलेश सिंह और मधु कोड़ा को क्यों आपने साथ लिया। अमित शाह को इन सब बातों का जवाब देना चाहिए।उन्होंने कहा कि केंद्र में 2014 से भाजपा की सरकार है। 2011 में अंतिम जनगणना हुई थी। 11 वर्षों में अगर देश में घुसपैठ हुआ तो इसका जिम्मेवार कौन है असम में एनआरसी लागू किया गया तो इसका परिणाम बताना चाहिए।

### यूपी, एमपी से लेकर बिहार तक जाता है झारखंड के इस गांव का बना सूप, दउरा और बेना, मन की बात कार्यक्रम में हो चुका है प्रसारण



**कुडू (लोहरदगा), एजेंसी।** लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत को लेकर छठव्रती तैयारी मे लगे हुए हैं। सलगी पंचायत स्थित मसियातू गांव के 46 परिवार छठ व्रत के मौके पर बांस से बनने वाले सूप, दउरा व बेना से लेकर छठ व्रत में इस्तेमाल होने वाले बांस के सामान बनाने मे जुट गये हैं। मसियातू में बने सामान की मांग झारखंड के विभिन्न जिलों से लेकर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, उड़ीसा,छतीसगढ़ से लेकर अन्य राज्यों तक मसियातू में बने सूप, दउरा तथा बेना की आपूर्ति होती है।

बताया जाता है कि सलगी पंचायत के मसियातू गांव में तुरी समाज के 46 परिवार निवास करते हैं। सभी परिवार छठ महापर्व के मौके पर पूजा में प्रयोग होने वाला सामान बनाते हैं। लोक आस्था के महापर्व छठ के मौके पर मसियातू में बने सूप की विशेष मांग होती है। गांव मे वार्ड सदस्य से लेकर बुजुर्ग, महिलाएं व बच्चे सभी सूप, दउरा तथा बेना बनाने मे माहिर है।

मसियातू गांव में बने सामान की मांग ज्यादा है। एक माह पहले से पूरा परिवार सूप, दउरा तथा बेना बनाने के काम मे लग गये हैं। पुरुष जहां बांस का जुगाड़ करते है,बच्चे बांस को काटने से लेकर सूप बनाने के लिए बांस को फाड़ते हैं, तो दूसरी तरफ महिलाएं सूप, दउरा तथा बेना बनाती है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के सभी 46 परिवार छठ महापर्व के मौके पर सूप, दाउरा व बेना समेत अन्य सामान बनाते हैं। एक माह पहले सभी समान का जुगाड़ कर लेते हैं। ग्रामीण चुंदेश्वर तुरी, किशुन तुरी, गंगा तुरी, मनोज तुरी, मोहन तुरी, निरूष तुरी, सचित तुरी , झरी तुरी , बिनोद तुरी, गुरुचरण तुरी, बिरेंद्र तुरी, दिलमोहन तुरी, बुधना तुरी ने बताया कि एक माह पहले बांस खरीदकर लाते हैं।

कुडू के साथ-साथ जिले के दूसरे प्रखंडों भंडरा, कैरो, सेन्हा गुमला जिले के सिसई, गुमला व रांची जिले के बेड़ो, नरकोपी, नगड़ी तथा अन्य गांवों से बांस लाते हैं। महिलाओं सालो देवी, एतवारी देवी, शीला कुमारी, बुधनी देवी, सुशांति देवी, संपति देवी, राजवंती देवी, होलिका देवी, दुर्गी देवी, जतरी देवी समेत अन्य ने बताया कि सूप, दाउरा तथा बेना बनाते हैं। मासियातू में बने बांस के सामानों की खरीदने के लिए लातेहार, डालटनगंज, गढ़वा, गुमला व रांची से व्यपारी आते हैं। यहां से एक साथ सूप, दाउरा, बेना तथा अन्य सामान को ले जाते हैं।मसियातू गांव पहुंचे व्यापारी ने बताया कि यहां से सूप, दउरा लेकर गढ़वा जाते हैं, वहां से बिहार, उत्तर प्रदेश से लेकर मध्य प्रदेश के भोपाल, सतना, मंदसौर, इंदौर तक सूप भेजते हैं। एक सूप बनाने में लागत 130 रुपये से लेकर 140 रुपये तक आता है। जबकि व्यापारी 160 रुपये से लेकर 170 रुपये में एक सूप लेकर जाते हैं।

## सम्मान फाउंडेशन झारखण्ड सरकार डायल 108 कर्मियों को करेगा बड़ी संख्या में छंटनी?

**रांची।**

झारखण्ड स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित डायल 108 मैं सूत्रों से पता चला है कि बड़ी संख्या में डायल 108 कर्मियों को छंटनी कर निकाला जाएगा चूंकि एक दिसंबर से पुरानी संस्था एमरी ग्रीन हेल्थ सर्विस सम्मान फाउंडेशन को सभी एंबुलेंस हैंडओवर कर देगी ओर नए तरीके से नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

डायल 108 सदर रांची के कर्मियों ने नाम नहीं छापने के शर्त पर उन्होंने बताया कि सम्मान फाउंडेशन बहुत ही कम पैसों मैं टेंडर ले लिया है इसलिए वह संस्था चार लोगों की जगह सिर्फ दो लोग से ही चौबीस घंटे काम करवाने की मूड बना चुकी है साथ ही वेतन में भी कटौती करेगा।

CALL 108 EMERGENCY

● **क्या? कहते है 108 संघ अध्यक्ष**

संघ के अध्यक्ष ने कहा कि अगर किसी भी कर्मी को अगर नई कंपनी निकालता है हम सभी लोग 108 ऑफिस के बाहर आत्महत्या कर लेंगे क्योंकि हमलोगो सात सालों से काम कर रहे है हमारा परिवार किया भूखे मरेगा हर बार नई कंपनी आती है ट्रेनिंग के नाम पे 25000 हजार लिया जाता है हमलोग कहा से दे पाएंगे अगर किसी भी कर्मी को निकाला जाता है तो हमलोग पहले से ज्यादा एक जुट है हम सभी के पास आत्महत्या अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा।

● **क्या मांगे है -**

» हमें मेघालय के तर्ज पर झारखंड सरकार अपने अंदर शामिल करे।

» हमें एक अक्टूबर से लागू नियमित वेतन का भुगतान किया जाए।

» हमें पीएफ ईएसआई दिया जाए।

## झूठ और छलावा कांग्रेस की राजनीति का आधार : नीरू शांति भगत

- **लोहरदगा का सर्वांगीण विकास एनडीए की प्राथमिकता : नेहा महतो**
- **लोहरदगा के भंडरा प्रखंड में जनसंपर्क पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित**

**लोहरदगा/रांची :।**

झूठ, धोखा और छलावा कांग्रेस की राजनीति का आधार है। इन्होंने अपने झूठे वादों के बल पर जनता को बरगला कर सत्ता हासिल की है। जनता इनसे त्रस्त है। इनकी विकासविरोधी सोच ने आज लोहरदगा समेत पूरे राज्य का नुकसान किया है। कांग्रेस के नेतृत्व में न केवल जनता की जरूरतों की अनदेखी हुई, बल्कि प्रशासनिक अक्षमता ने भी क्षेत्र के विकास को बाधित किया। वित्त मंत्री का क्षेत्र होने के बावजूद आज हमारा लोहरदगा सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है। हम इस कुव्यवस्था को बदलने के संकल्प के साथ जनता के बीच हैं।

उक्त बातें लोहरदगा विधानसभा की एनडीए समर्थित आजसू पार्टी की उम्मीदवार नीरू शांति भगत ने भंडरा प्रखंड में आयोजित जनसंपर्क पदयात्रा कार्यक्रम के दौरान कही। पदयात्रा में नेहा महतो मुख्य रूप से शामिल हुईं। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान एनडीए के सभी कार्यकर्ताओं ने डोर टू डोर जाकर लोगों को एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

युवाओं को बेरोजगारी के दलदल से बाहर निकालने और उनके पलायन को रोकने के लिए सरकार द्वारा कोई कदम नहीं उठाए गए। सरकार की निष्क्रियता और उदासीनता ने युवाओं के भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया है। हमारी धरती से निकले बॉक्साइट ने देश के हज़ारों युवाओं को रोजगार दिया है लेकिन रोजगार से हमारे अपने युवा ही वंचित हैं। युवाओं को अपनी धरती पर अपने घर के पास रोजगार देना हमारा दायित्व है। बॉक्साइट आधारित एल्युमिनियम फैक्टरी स्थापित कर स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना हमारा संकल्प है।

मौके पर नेहा महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी स्व. कमल किशोर भगत ने बतौर विधायक लोहरदगा में विकास की जो लकीर खींची थी कांग्रेस उसके आस पास भी नहीं है। इन्हें उनके विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी लेनी थीं लेकिन इन्होंने लोहरदगा को अपने स्वार्थ के लिए और पीछे धकेल दिया है। लोहरदगा की जनता एनडीए उम्मीदवार नीरू शांति भगत के साथ है। जनता आगमी 13 नवंबर को अपना प्यार और आशीर्वाद हमें अवश्य देगी।



# एनडीए में मोदी, योगी, इंडिया गठबंधन में प्रियंका, कल्पना की ज्यादा मांग

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिला के छह विधानसभा क्षेत्रों में 20 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए चुनाव प्रचार अभियान जोड़ पकड़ने लगा है. हालांकि, छठ के कारण अभी चुनावी सभाओं का आयोजन, तो नहीं हो रहा. लेकिन, 10 नवंबर के बाद यहां भी स्टार प्रचारकों की चुनावी सभा, रोड शो कराने की तैयारी शुरू हो गयी है. एनडीए व इंडिया गठबंधन के बैनर तले लड़ रहे प्रत्याशी स्टार प्रचारकों की मांग करने लगे हैं. कई प्रत्याशियों की तरफ से सूची भी भेज दी गयी है.

सूत्रों के अनुसार धनबाद जिला के सभी छह विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी चाहते हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी की सभा उनके क्षेत्र में हो. हालांकि, जो सूचनाएं आ रही हैं, उसके अनुसार पीएम की चुनावी सभा बोकारो में होने की ज्यादा संभावना है. बोकारो में ही धनबाद के प्रत्याशियों को भी बुलाया जायेगा. बोकारो से ही पीएम 16 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव प्रचार कर एनडीए प्रत्याशियों के लिए वोट मांगेंगे. भाजपा में पीएम के बाद सबसे ज्यादा यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की है. सभी प्रत्याशियों की मांग है कि यूपी सीएम का उनके क्षेत्र में सभा या रोड शो हो जाये. इसके लिए एड़ी-चोटी एक किये हुए हैं. इसके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय उर्वरक एवं रसायन मंत्री जेपी नड्डा, असम के सीएम हिमंता विश्वा सरमा, एमपी के सीएम मोहन यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की भी मांग हुई है. धनबाद व झरिया क्षेत्र में सहयोगी दल लोजपा (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की सभा के लिए भी समय मांगा गया है. इन दोनों क्षेत्रों में लोजपा का अच्छा प्रभाव है. इसके अलावा अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में जाति की संख्या के हिसाब से भी कुछ नेताओं की मांग की गयी है. जिनकी नुक्कड़ सभा, रोड शो कराया जा सके.

प्रियंका गांधी की चुनावी सभा कराने की मांग ~ सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस प्रत्याशियों की तरफ से पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी की चुनावी सभा कराने की मांग की गयी है. अगर सभा नहीं हो सके, तो एक बड़ा रोड शो भी कराने पर जोर दिया जा रहा है. धनबाद में अब तक प्रियंका गांधी की कभी चुनावी सभा या रोड शो नहीं हुआ है. 15 से 17 नवंबर के बीच किसी दिन कार्यक्रम की संभावित रूप-रेखा तैयार हो रही है. कांग्रेस एवं महागठबंधन के अन्य प्रत्याशी यहां पर बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की सभा, रोड शो कराना चाह रहे हैं. जिले के कई विस क्षेत्रों में यादव मतदाताओं की खासी संख्या है. उसको देखते हुए ऐसे क्षेत्रों में तेजस्वी यादव की सभा हो सकती है.कांग्रेस व महागठबंधन के प्रत्याशी यहां पर सीएम हेमंत सोरेन व गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन के कार्यक्रम के लिए भी लगे हैं. कल्पना सोरेन का रोड शो कराने पर ज्यादा जोर है. श्रीमती सोरेन अब तक सिर्फ टुंडी में चुनावी सभा कर चुकी हैं. धनबाद, झरिया, सिंदरी, निरसा क्षेत्र में भी उनके कार्यक्रम की मांग है. सीएम हेमंत सोरेन भी कुछ चुनावी सभा कर सकते हैं.

### झारखंड कांग्रेस ने बागियों पर चलाया डंडा, कई नेताओं को पार्टी से दिखाया बाहर का रास्ता

**रांची, एजेंसी।** कांग्रेस ने बागी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की है। झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी या फिर गठबंधन के खिलाफ लड़ने वाले नेताओं पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश के बाद कार्रवाई की गयी है। विधानसभा चुनाव में बागी उतरे तीन नेताओं को पार्टी ने छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस देवेंद्र सिंह बिट्टू, लातेहार के जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव और कांग्रेस नेता इसराफिल अंसारी के खिलाफ कार्रवाई हुई है।झारखंड कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने बताया है कि मुनेश्वर उरांव मनिका से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं पांकी से देवेंद्र सिंह बिट्टू पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव में उतर गये। इसराफिल अंसारी गोमिया विधानसभा में निर्दलीय मैदान में हैं। वह झामुमो के गठबंधन के प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद के खिलाफ मैदान में हैं।भाजपा के संकल्प पत्र पर प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि राज्य की जनता अब भाजपा के बहकावे में आनेवाली नहीं है। भाजपा का पूरा संकल्प पत्र झूठे वादों का पुलिंदा है।

### हिमंता के भाषणों से झारखंड में सियासी भूचाल, चुनाव आयोग तक पहुंची बात तो असम सीएम ने खुद आगे आकर दिया जवाब

**रांची, एजेंसी।** आइएनडीआइए ने भाजपा के चुनाव प्रभारी सह असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा द्वारा दिए गए चुनावी भाषणों पर आपत्ति जताई है। आइएनएडीआइए के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार से मिलकर उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

बकायदा उनके भाषणों का वीडियो भी सौंपा। कहा कि आयोग उनके विरुद्ध कार्रवाई नहीं करेगा तो आइएनडीआइए को न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा। प्रतिनिधिमंडल ने इसे लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को संयुक्त हस्ताक्षर वाला एक ज्ञापन भी सौंपा।

इसमें झामुमो, कांग्रेस, राजद और माले के पदाधिकारियों का हस्ताक्षर है। आइएनडीआइए ने हिमंता के उस बयान पर आपत्ति की है, जिसमें उन्होंनें कहा था कि य चुनाव बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने और हिंदुओं की रक्ष के लिए लड़ा जा रहा है।

इसे कथित रूप से भड़काउ और विभाजनकारी भाषण बता हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की मां की। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हिमंता अप भाषणों में कुछ विशिष्ट नाम लेते और चीजों को विशिष्ट समुदाय से जोड़ते हैं। यह आदर्श आचार संहित का उल्लंघन है।आइएनएडीआइए ने हिमंता के उस कथित भाषण को भी भड़काऊ बताया है, जिसमें कह गया कि वे एक ही जगह वोट डालते हैं, लेकिन हमारा हिंदू आधा इध डालेगा, आधा उधर।

## सुविचार

**खुद पर काबु रखना एक परिपक्व इंसान की निशानी है; वक्त से पहले खुद पर काबु खो देना अपरिपक्वता की पहचान है।**

## शीर्षक--- सब तुम्हारा

सब तुम्हारा
जल, थल, हवा, वृक्ष,
नर, कीट, प्राणी, शून्य...
और...शिखर भी

सिर्फ कर्म ही मेरे
मैं सन्यासी ?
नहीं...मैं भोक्ता
उस सब की जो है तुम्हारा


और मैं समझी मेरा
ये हँसी! ये दृष्टिपात!

मेरा
क्या मेरा?
ये शरीर!
यह दृष्टि, यह लहू, ये दाँत, माँस, बाल...
तो ?
यह भी तुम्हारा!
फिर मैं क्या?

कौन कह रहा है...मैं मैं मैं
जो कहता है वह भी मेरा नहीं!
चेतना, आत्मा, श्वास सब
तुम्हारा!

फिर कर्म मेरे क्यों?
वह भी तुम ही ले लो
और मुझे मुक्त करो
मैं से, मेरा से
अब से...सब तुम्हारा!

रचना 'अर्चना अरोड़ा'



## ट्वीटर टॉक



आज भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजेन्द्र गुर्जर को जिताने के लिए पुर-ज़ोर अपील की। देवली-उनियारा के विकास की कड़ी से कड़ी जोड़ने के लिए भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार राजेन्द्र गुर्जर को भारी मतों से विजयी बनाये।

**-दीया कुमारी**



कोटा स्थित भामाशाह कृषि उपज मंडी में आयोजित मुहूर्त पूजा में सम्मिलित होकर प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी की पूजा अर्चना की और अन्नदाता किसानों की समृद्धि व खुशहाली की कामना की। व्यापारियों व किसान बंधुओं को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

**-ओम बिरला**



आज नागपुरी नृत्य के प्रख्यात कलाकार आदरणीय श्री मुकुंद नायक जी की कुशल-क्षेम जानने दिल्ली के मैक्स अस्पताल पहुँचा, जहां उनकी सर्जरी हुई है। उनके पुत्र श्री नंदलाल जी से मुलाक़ात हुई। मुकुंद जी पद्मश्री तथा संगीत नाटक अकादमी सम्मान से अलंकृत हैं।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**

## प्रेरक प्रसंग

# जीवन का नजरिया

आदि शंकराचार्य अनूठी प्रतिभा संपन्न आध्यात्मिक विभूति थे। उन्होंने उपनिषदों का भाष्य किया और अनेक प्रेरणादायक पुस्तकों की रचना की। देशभर में भ्रमण कर वे अपने उपदेशों से लोगों को जीवन सफल बनाने की प्रेरणा दिया करते थे। हिमालय यात्रा के दौरान एक निराश गृहस्थ ने उनसे कहा, 'सांसारिक दुखों के कारण मैं आत्महत्या कर लेना चाहता हूं।' शंकराचार्य ने कहा, 'यह मानव जीवन असीम पुण्यों के कारण मिलता है। निराश होने के बजाय केवल अपनी दृष्टि बदल दो, दुःख व निराशा से मुक्ति मिल जाएगी।' उन्होंने आगे बताया, 'कामनाएं अशांति का मुख्य कारण हैं। कामनाओं को छोड़ते ही अधिकांश समस्याएं स्वतः हल हो जाएंगी। धर्मानुसार संयमित व सात्विक जीवन बिताने वाला कभी दुखी नहीं हो सकता। 'साधनपंचकम्' में उन्होंने लिखा भी है, 'सहनशीलता और शांति ऐसे गुण हैं, जो अनेक दुखों से दूर रखते हैं। इसके साथ ही गर्व व अहंकार का सदा परित्याग करना चाहिए। धन से कई बातों का भले ही समाधान होता है, किंतु उससे शांति की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए।' उन्होंने कहा है कि काल किसी की प्रतीक्षा नहीं करता।

## सामयिक

# प्रकृति के साथ सामंजस्य और सम्मान का प्रतीक पर्व सूर्य षष्ठी

**अशोक प्रवृद्ध**

पौराणिक मान्यतानुसार संतान प्रदाता और रक्षक के रूप में पूजी जाने वाली माता षष्ठी देवी को भगवान ब्रह्मा की मानस पुत्री माना गया है। इन्हें माता कात्यायनी भी कहा गया है। नवरात्र के छठे दिन इनकी पूजार्चना की जाती है। एक अन्य मान्यतानुसार इन्हें सूर्यदेव की बहन भी माना गया है। इन माता षष्ठी देवी को ही पूर्वी उत्तरप्रदेश, बिहार व झारखण्ड में स्थानीय भाषा में छठ मैया कहा जाता है। और इनकी पूजा- अर्चना छठ मैया के रूप में सूर्य षष्ठी व्रत के समय प्रतिवर्ष कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी एवं चैत्र शुक्ल षष्ठी को विधि विधान से किया जाता है। सूर्य षष्ठी व्रत भगवान सूर्यदेव एवं छठ मैया के निमित्त मनाया जाने वाला बड़ा ही पुण्यफल प्रदाता पर्व माना जाता है। बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखण्ड सहित सम्पूर्ण भारत एवं विश्व के अनेक देशों में बड़े हर्षोल्लास के साथ इस व्रत के उपासक एवं सूर्यदेव की भक्ति करने वाले लोग इस पर्व को इस अवसर पर मनाते है। सूर्य एवं षष्ठी देवी से संबंध रखने के कारण इसे अतिप्राचीन एवं वैदिक पौराणिक व्रत माना जाता है। छठी मैया को सूर्य देवता की बहन होने की मान्यता होने के कारण छठ पूजा के दौरान छठी मैया के साथ-साथ सूर्य देवता को भी अर्घ्य दिया जाता है। सूर्यदेव की बहन छठ मैया की कृपा से भक्तों को सुख, समृद्धि और संतान की प्राप्ति होती है। छठी माता और इनकी पूजा के संबंध में विस्तृत वर्णन महाभारत, ब्रह्मवैवर्त पुराण, देवी भागवत पुराण, विष्णु पुराण, वेद, उपनिषद, सूर्याष्टक, शिव महापुराण, मत्स्य पुराण, वराह पुराण आदि ग्रंथों में अंकित हैं। मान्यतानुसार माता षष्ठी वनस्पतियों व प्रजनन की देवी हैं और प्रजनन व संतानोत्पति के समय सहायता करती हैं। निसंतान लोगों को संतान प्राप्ति में मदद करती हैं। इसीलिए वे संतान दाता और रक्षक के रूप में पूजी जाती हैं। माता षष्ठी को दक्षिण भारत के लोग देवी देवसेना कह कर पुकारते हैं। माता षष्ठी के इंद्रसूता, षष्टी, पुत्रदायनी, मोक्षदायनी, सुखदायनी, देवसेना, वरदायनी, षष्ठी, बालाधिष्ठात्री, छठी, षष्ठांशरुपाये, रौना माता, मैया और देवी आदि 108 नाम प्रचलित हैं। षष्ठी देवी को वंश, शक्ति, जीवनकाल, अर्घ्य, खुशी, आनंद, प्रेम, भक्ति, देवत्व, ईश्वर प्रेम, सौंदर्य, सद्भाव, आकर्षण, समय, ऋतुओं, जोड़ों, विवाह, दान, दंड, शक्ति, ऊर्जा, वैवाहिक सुख, निर्माण, संरक्षण, विनाश, प्रकृति, भ्रूण, गर्भावस्था, दीर्घायु, संतान, मातृत्व और प्रजनन की देवी, शिशुओं की संरक्षिका, महामारि, रोग, दोषों को दूर करने वाली देवी, आदिशक्ति,पराशक्ति, जगतमाता के रूप में जाना जाता है। इनका निवासस्थान स्कंद लोक, और मणिद्वीप, इंद्र लोक माना गया है।

छठ मैया का यह पर्व अति श्रद्धा एवं शुद्धता, धार्मिकता का अत्यंत कठिन अनुष्ठान एवं व्रत माना जाता है, जिसके के प्रभाव से व्यक्ति के जीवन मे आरोग्यता एवं यश कीर्ति आदि प्राप्त होते हैं। ऋग्वेद, विष्णु पुराण एवं रामायण, महाभारत आदि ग्रंथों में सभी कालों में सूर्यदेव की पूजा एवं उपासना के प्रसंग अंकित हैं। सूर्य देव पंच देव समूह में शामिल है। इसलिए किसी भी छोटी एवं बड़ी पूजा एवं हवन आदि कार्यों में सूर्य की पूजा बिना कार्यो की सफलता में संशय बना हुआ रहता है। इस व्रत का पालन सभी स्त्री एवं पुरूष करते हैं। क्योंकि सूर्य सभी की आत्मा है। उनके बिना इस प्रकृति का संतुलन बनाना असंभव है। इसलिए जल एवं ज्योति तथा हमारे प्राणों के कारण सूर्य की पूजा का बड़ा ही विशाल एवं महान पर्व है। छठ त्योहार को छठ पूजा, छठ पर्व, डाला छठ, डाला पूजा, सूर्य षष्ठी आदि नामों से जाना जाता है। इस त्योहार के अनुष्ठान नियम बहुत सख्त हैं, और चार दिनों की अवधि में मनाए जाते हैं। इस वर्ष 2024 में छठ पूजा अर्थात सूर्य षष्ठी का पर्व 5 नवम्बर से 8 नवम्बर तक मनाया जाएगा। 5 नवम्बर दिन मंगलवार को नहाय-खाय छठ पर्व का पहला दिन, 6 नवम्बर दिन बुधवार को छठ पर्व का दूसरा दिन खरना और लोंहड़ा, 7 नवम्बर दिन बृहस्पतिवार को छठ पर्व का तीसरा दिन संध्या अर्घ्य, और 8 नवम्बर दिन शुक्रवार को छठ पर्व का उषा अर्घ्य चौथा दिन होगा।



**छठ पूजा में सूर्य को अर्घ्य देना जीवन के प्रति आभार व्यक्त करने का एक तरीका है। सूर्य केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं है। वह जीवन के पोषण कर्त्ता भी हैं। मनुष्य को प्रकृति से जोड़ने वाली इस पर्व के समय उन्हें प्रसन्न करके प्रकाश, ऊर्जा और जीवन को बनाए रखने की शक्ति देने के लिए धन्यवाद अर्पित किए जाने की परिपाटी है। यह पूजा जीवन, ऊर्जा और समृद्धि के प्रतीक माने जाने वाले सूर्य देवता और छठी मैया के प्रति आभार व्यक्त करने का एक माध्यम है। यह पर्व प्रकृति के साथ सामंजस्य और सम्मान का प्रतीक भी है।**

सूर्य षष्ठी व्रत के संबंध में अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। एक कथा के अनुसार प्राचीन काल में प्रियव्रत नाम के एक राजा थे। उनकी पत्नी का नाम मालिनी था। दोनों की कोई संतान नहीं होने से राजा और उसकी पत्नी बहुत दुखी रहते थे। उन्होंने महर्षि कश्यप से इसके लिए उपाय पूछा। इस पर महर्षि कश्यप ने उन्हें पुत्रेष्टि यज्ञ करने की सलाह दी। राजा ने संतान प्राप्ति की इच्छा से महर्षि कश्यप द्वारा पुत्रेष्टि यज्ञ करवाया। इस यज्ञ के फलस्वरूप रानी गर्भवती हो गईं। नौ महीने बाद उन्हें संतान सुख तो प्राप्त हुआ, लेकिन प्रसव के समय रानी को मृत पुत्र प्राप्त हुआ। जिससे राजा को बहुत दुःख हुआ। संतान शोक में राजा ने आत्महत्या का मन बना लिया। लेकिन जैसे ही राजा ने आत्महत्या करने की कोशिश की उनके सामने एक सुंदर देवी प्रकट हुई, और उसने राजा से कहा कि मैं षष्ठी देवी हूं। मैं लोगों को पुत्र का सौभाग्य प्रदान करती हूं। सच्चे भाव से मेरी पूजा करने वाले की मैं सर्वमनोरथों को पूर्ण कर देती हूं। यदि तुम मेरी पूजा करोगे तो मैं तुम्हें भी पुत्र रत्न प्रदान करूंगी। देवी की आज्ञा का पालन करते हुए राजा और उनकी पत्नी ने कार्तिक शुक्ल की षष्ठी तिथि के दिन देवी षष्ठी की विधि -विधान से पूजा की। इस पूजा के फलस्वरूप उन्हें एक सुंदर पुत्र की प्राप्ति हुई। उस समय से ही छठ का पावन पर्व मनाया जाने लगा। महाभारत व पुराणों के अनुसार सूर्यपुत्र कर्ण भी भगवान सूर्य की नियमित रूप से पूजा करते थे। उनके लिए उपवास रखते थे तथा भगवान सूर्य को अर्घ्य देते थे। सूर्यदेव की कर्ण पर बहुत कृपा रहती थी। मान्यता है कि कर्ण द्वारा किए गए नियमित पूजा अनुष्ठानों को ही वर्तमान में छठ पूजा कहा जाता है। एक अन्य कथा के अनुसार पांडवों के द्वारा सम्पूर्ण राज-पाट द्युत क्रीड़ा में हार जाने पर श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को छठ व्रत रखने को कहा। द्रौपती ने व्रत का पूरा किया तब उसकी मनोकामनाएँ पूरी हुईं तथा पांडवों को राजपाट वापस मिला। ऐसी भी मान्यता है कि त्रेतायुग में लंका विजय पश्चात रामराज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और माता सीता ने उपवास कर सूर्यदेव की आराधना की थी। सप्तमी को सूर्योदय के समय पुनः अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया था। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से षष्ठी तिथि (छठ) को एक विशेष खगोलीय परिवर्तन होता है, इस समय सूर्य की पराबैगनी किरणें पृथ्वी की सतह पर सामान्य से अधिक मात्रा में एकत्र हो जाती हैं। इस कारण इसके सम्भावित कुप्रभावों से मानव की यथासम्भव रक्षा करने का सामर्थ्य छठ पूजा के समय जल में खड़ा होकर सूर्य के प्रकाशस्नान से प्राप्त होता है। छठ पूजा के त्योहार का पालन करने से सूर्य प्रकाश के हानिकारक प्रभाव से जीवों की रक्षा होती है। कुष्ठ रोगों सहित विभिन्न प्रकार के त्वचा रोगों के इलाज के लिए भगवान सूर्य की पूजा की जाती है।

छठ पूजा में सूर्य को अर्घ्य देना जीवन के प्रति आभार व्यक्त करने का एक तरीका है। सूर्य केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं है। वह जीवन के पोषण कर्त्ता भी हैं। मनुष्य को प्रकृति से जोड़ने वाली इस पर्व के समय उन्हें प्रसन्न करके प्रकाश, ऊर्जा और जीवन को बनाए रखने की शक्ति देने के लिए धन्यवाद अर्पित किए जाने की परिपाटी है। यह पूजा जीवन, ऊर्जा और समृद्धि के प्रतीक माने जाने वाले सूर्य देवता और छठी मैया के प्रति आभार व्यक्त करने का एक माध्यम है। यह पर्व प्रकृति के साथ सामंजस्य और सम्मान का प्रतीक भी है। यह प्रकृति की शुद्धता और संतुलन को बनाए रखने की प्रेरणा और जलवायु संरक्षण की शिक्षा देती है। इसके अनुष्ठानों में किसी भी प्रकार की दूषित सामग्री अथवा प्रदूषण को बढ़ावा नहीं दिया जाता। इसलिए स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश फैलाना भी छठ पूजा का एक उद्देश्य है।

## नजरिया


# पीड़ितों को कब तक मिलती रहेगी 'तारीख-पे-तारीख'?

**प्रियंका सौरभ**

भारत में न्यायिक बैकलॉग एक बड़ी चुनौती है, जहाँ विभिन्न न्यायालयों में 4 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। इस बैकलॉग का एक मुख्य कारण अत्यधिक न्यायिक स्थगन है, जो मामले के समाधान में देरी करता है और न्याय प्रदान करने में बाधा डालता है। कार्यवाही को सुव्यवस्थित करने के प्रयासों के बावजूद, बार-बार स्थगन प्रगति को बाधित कर रहे हैं। इस मुद्दे को सम्बोधित करने के लिए इसके मूल कारणों को समझना और व्यवस्थित सुधारों को लागू करना आवश्यक है। बार-बार स्थगन से मामलों की अवधि बढ़ जाती है, कभी-कभी अंतिम समाधान में वर्षों या दशकों तक का समय लग जाता है, जिससे न्यायपालिका की दक्षता प्रभावित होती है। प्रत्येक स्थगन मुकदमेबाजी के समग्र ख़र्च को बढ़ाता है, जिससे पक्षकारों पर वित्तीय बोझ पड़ता है, खासकर निम्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले लोगों पर। स्थगन के कारण विस्तारित समयसीमा समय पर न्याय तक पहुँच को सीमित करती है, जिससे न्यायिक प्रणाली में जनता का विश्वास प्रभावित होता है।

अंडरट्रायल से जुड़े आपराधिक मामलों में अक्सर कई स्थगन होते हैं, जिससे न्याय में देरी होती है और निष्पक्ष और त्वरित सुनवाई के आरोपी के अधिकार पर असर पड़ता है। स्थगन के कारण न्यायालय का बहुमूल्य समय नष्ट हो जाता है, जिसका उपयोग अन्य मामलों को निपटाने में किया जा सकता है, जिससे प्रणाली की समग्र दक्षता कम हो जाती है। स्थगन के कारण होने वाली देरी से गवाहों में थकान, स्मृति क्षरण और कभी-कभी पीछे हटने की प्रवृत्ति पैदा हो सकती है, जिससे साक्ष्य की गुणवत्ता और मामले के परिणामों पर असर पड़ता है। गवाहों को डराने-धमकाने के मामलों में, बार-बार स्थगन के कारण गवाह अपने बयान से मुकर जाते हैं या बदल देते हैं, जिससे फैसले पर असर पड़ता है।

प्रक्रियात्मक संहिता स्थगन के लिए छूट प्रदान करती है, जिससे वकील रणनीतिक लाभ के लिए इस लचीलेपन का फायदा उठा सकते हैं। सिविल प्रक्रिया संहिता कुछ शर्तों के तहत स्थगन की अनुमति देती है, लेकिन कार्यवाही में देरी के लिए अक्सर इसका दुरुपयोग किया जाता है। उच्च केस लोड और सीमित न्यायालय कर्मचारी बार-बार स्थगन में योगदान करते हैं, क्योंकि न्यायाधीश प्रत्येक मामले को पर्याप्त समय आवंटित करने के लिए संघर्ष करते हैं। निचली अदालतों में, न्यायाधीशों पर अक्सर बहुत अधिक बोझ होता है, वे हर महीने सैकड़ों मामलों को संभालते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सुनवाई स्थगित हो जाती है। पक्षकार व्यक्तिगत या रणनीतिक कारणों से कार्यवाही में देरी करने के लिए जानबूझकर स्थगन की मांग कर सकते हैं, जैसे कि वित्तीय देनदारियों में देरी या प्रतिकूल निर्णयों को स्थगित करना। संपत्ति विवादों में, प्रतिवादी कभी-कभी समाधान के बिना कब्जे को लम्बा करने के लिए बार-बार स्थगन का अनुरोध करते हैं।



प्रभावी केस प्रबंधन प्रणालियों की अनुपस्थिति का मतलब है कि मामलों को कुशलतापूर्वक शेड्यूल या मॉनिटर नहीं किया जाता है, जिससे अनावश्यक स्थगन होता है। डिजिटल केस-ट्रैकिंग सिस्टम की कमी वाले न्यायालयों को प्रशासनिक अक्षमताओं का सामना करना पड़ता है, जिससे केस की प्रगति की निगरानी करना और देरी को कम करना कठिन हो जाता है। प्रशिक्षित न्यायालय कर्मियों की सीमित उपलब्धता, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, प्रक्रियात्मक देरी और स्थगन के लिए बार-बार अनुरोध की ओर ले जाती है। प्रक्रियात्मक संहिताओं में संशोधन करके स्थगन की संख्या सीमित करें, ख़ास तौर पर दीवानी और आपराधिक मामलों में। कुछ उच्च न्यायालयों ने स्थगन की अधिकतम सीमा तीन प्रति मामले तक सीमित करने के लिए सुधार पेश किए हैं, जिससे केस समाधान समयसीमा में सुधार हुआ है। शेड्यूलिंग को सुव्यवस्थित करने, केस की प्रगति की निगरानी करने और न्यायालय के संसाधनों को प्रभावी ढंग से आवंटित करने के लिए डिजिटल केस प्रबंधन उपकरण लागू करें। ई-कोर्ट परियोजना का उद्देश्य कुशल केस ट्रैकिंग, पारदर्शिता बढ़ाने और अनावश्यक देरी को कम करने के लिए डिजिटल सिस्टम शुरू करना है।

मामलों के कुशल निपटान को प्रोत्साहित करने और स्थगन को कम करने के लिए न्यायाधीशों और न्यायालय के कर्मचारियों के लिए प्रदर्शन प्रोत्साहन पेश करें। राज्यों ने ऐसी योजनाएँ लागू की हैं जो न्यायिक अधिकारियों को केस समयसीमा का पालन करने के लिए पहचानती हैं और पुरस्कृत करती हैं, जिससे जवाबदेही को बढ़ावा मिलता है। केस हैंडलिंग क्षमता में सुधार के लिए, विशेष रूप से अधिक बोझ वाली अदालतों में, अतिरिक्त कर्मियों की नियुक्ति करके न्यायाधीशों की कमी को दूर करें। अतिरिक्त ज़िला न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए हाल ही में सरकार की पहल ने कुछ उच्च-लंबित क्षेत्रों में केस लोड को कम करने में मदद की है। वकीलों को नैतिक प्रथाओं पर शिक्षित करने, अनावश्यक स्थगन अनुरोधों को हतोत्साहित करने और समय पर केस समाधान को बढ़ावा देने के लिए कार्यशालाएँ आयोजित करें। कानूनी निकायों ने सतत व्यावसायिक विकास कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिनका उद्देश्य कुशल मामले निपटान की संस्कृति विकसित करना है।

भारत के न्यायिक बैकलॉग को सम्बोधित करने और न्याय वितरण को बढ़ाने के लिए न्यायिक स्थगन को कम करना आवश्यक है। केस प्रबंधन, स्थगन को सीमित करने और न्यायिक क्षमता का विस्तार करने जैसे उपायों को अपनाकर, न्यायपालिका एक कुशल प्रणाली की ओर प्रगति कर सकती है। यह सही कहा गया है, न्याय में देरी न्याय से इनकार है, सभी के लिए निष्पक्ष और न्यायसंगत न्याय सुनिश्चित करने के लिए समय पर सुधारों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है।

न्यूज़ अपडेट

## मेरे पक्ष में लहर- समाजवादी पार्टी प्रत्याशी



**दुमका।** जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ अमरेंद्र कुमार यादव ने वाट्सएप्प के जरिये समाचार भेजते हुए कहा कि उनके पक्ष में व्यापक जन समर्थन देखा जा रहा है। समाजवादी पार्टी प्रत्याशी ने दिन सोमवार को महापुर पंचायत के नांहिडीह, महिलातिलहा, मोहलीडीह, ऊपरनवाडीह, हेड नवाडीह, मरकट्टा, बसमत्ता, जरवाडीह, भोंडाजमुआ पंचायत के डुमरिया, भोंडाजमुआ, पिपरा, धावाटाँड़, सरसकुंडा, बिंझा पंचायत के चंदनपुरा आदि गांव में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान का दावा किया। उन्होंने कहा कि उनके समर्थन में व्यापक जनसमर्थन दिख रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी लड़ाई सीधे भारतीय जनता पार्टी से है।
जरमुंडी की जनता ने विघटन कारी और सांप्रदायिकता का जहर फैलाने वाले लोगों को सबक सिखाने का मन बना लिया है। जनसंपर्क अभियान में मन्ताज अंसारी, सब्बीर अंसारी, सलामत अंसारी, शमीम अंसारी, नसीम अंसारी, ताहीर अंसारी, अमीर अंसारी, इंताज अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे

## विधायक नारायण दास की धर्मपत्नी ने किया तूफानी दौरा



**देवीपुर/देवघर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बाघमारी पंचायत और धोवाना पंचायत के दर्जनों गांव टोले मोहल्ले जा जाकर विधायक नारायण दास की धर्मपत्नी रीता भारती ने घर-घर जाकर विधायक नारायण दास के पक्ष में वोट मांगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्याशी एवं दो बार से लगातार जीत रहे विधायक नारायण दास को कमल फूल पर वोट देखकर अधिक से अधिक मतों से विजयी बनावें। साथ ही ग्रामीण इलाकों में लोगों की जन समस्या सुनें और अगली बार उक्त समस्या को समाधान करने का आश्वासन दिए। इस क्रम में सिमराडीह, बरियारडीह, असहना, धोवना, कोल्डलिया आदि गांव जाकर विधायक नारायण दास के पक्ष में वोट मांगे। मौके पर पवन कुमार पांडे, खुशी कुमारी, नवल कुमार राय, युगल किशोर कुशवाहा, रंजीत यादव, हरि किशोर मंडल, लालू कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## स्कूलों में नहीं चलता है अंडा बच्चे हो रहे हैं कुपोषण का शिकार




**देवीपुर/देवघर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शिक्षा विभाग में प्रधानाध्यापक के द्वारा मध्यान भोजन लेकर अक्षरतः आदेश का पालन नहीं किया जाता है। सप्ताह में 2 दिन सोमवार और शुक्रवार अंडा बच्चों को खिलाने का नियम निश्चित है। इसके बावजूद स्कूलों में बच्चों की थाली से अंडा को दूर कर दिया गया है '। जिससे बच्चे कुपोषित हो रहे हैं। सोमवार को निरीक्षण के क्रम में झूमरबाद पंचायत के जीतपुर विद्यालय में बच्चों को अंडा नहीं खिलाया गया। वहीं जैसे-तैसे सूची के विपरीत मध्यान भोजन खिलाकर बच्चों को फुसला दिया जाता है। इस क्रम में प्रधानाध्यापक से के बारे में पूछे जाने पर बताया कि वह विद्यालय में उपस्थित नहीं है। वहीं उपस्थित सहायक शिक्षक ने बताया कि अंडा कई दिनों से नहीं चल पा रहा है। राशि है या नहीं है, यह बात हमें नहीं मालूम है।

# बड़ी जीत के साथ झारखंड विधानसभा पहुँचाने के लिए क्षेत्र की जनता प्रतिबद्धः सुनील सोरेन


**दुमका।**



शांतचित्त, सरल, हँसमुख व मितभाषी पूर्व भाजपा सांसद व झारखंड विधान सभा चुनाव-2024 में 10- दुमका (अजजा) निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के यशश्वी उम्मीदवार सुनील सोरेन ने दिन सोमवार को एलआईसी कॉलोनी, दुमका में दुमका विधानसभा क्षेत्र के मुख्य चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं सहित सहयोगी दलों यथा- आजसू, जदयू व लोजपा के कार्यकर्ता इस अवसर पर मौजूद थे।
भाजपा चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के बाद एक व्यक्तिगत इंटरव्यू में भाजपा प्रत्याशी श्री सोरेन ने यह दावा किया है कि दुमका विधानसभा क्षेत्र की जनता उन्हें बड़ी जीत दिलाकर झारखंड विधानसभा पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सोरेन ने कहा कि जमीन से जुड़कर उन्होंने आम-अवाम की समस्याओं के समाधान की दिशा में बेहतर काम किया है। दुमका विधानसभा क्षेत्र की जनता उनके स्वभाव, क्रियाकलाप और कार्यपद्धति से भली-भांति परिचित है।
उन्होंने कहा कि देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना तभी सार्थक होगी, जब देश की जनता अपने बहुमूल्य मतों से भाजपा प्रत्याशियों को जिताएगी। उन्होंने कहा कि जाति-मजहब, ऊंच-नीच, अमीरी-गरीबी, भाई-भतीजावाद और परिवारवाद से ऊपर उठकर देश की एकता-अखंडता और भाईचारे की समृद्ध सोच का ही परिणाम है कि आज पूरे विश्व में भारत का तिरंगा सर चढ़कर बोल रहा है। पूरे विश्व में भारत की बात गंभीरता के साथ सुनी जाती है। उसे अमल में लाया जाता है। भारतीयों की उपस्थिति को तरजीह दी जाती है। भारत के फैसलों पर मोहर लगाया जाता है।
भाजपा प्रत्याशी श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड में एक बेहतर कल की संभावना की बुनियाद खड़ी हो चुकी है। लोग पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को वैश्विक स्तर पर समृद्ध देखना चाहते हैं, झारखंड की अवाम एक सशक्त प्रदेश के नागरिक के रूप में खुद को देखना चाहती है। यह तभी संभव है जब भाजपा व सहयोगी दलों के अधिक से अधिक उम्मीदवारों को विधानसभा की दहलीज तक पहुंचाई जाय। उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान स्थिति बद से बद्तर हो चुकी है। शासन-प्रशासन को जनता-जनार्दन से कोई सरोकार नहीं रह गया है। जो जहाँ हैं सिर्फ अपने स्वार्थ की राजनीति कर रहे। किसी को प्रदेश की उन्नति से कोई लेना देना नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो निःस्वार्थ सेवाभाव से जनता की सेवा कर सकती है। अपने विरुद्ध खड़े झामुमो प्रत्याशी की बात पर श्री सोरेन ने कहा कि समय सबका इतिहास लिखता है। आगे आगे देखिये होता है क्या....???
विदित हो, दुमका विधानसभा क्षेत्र के लिए दो महत्वपूर्ण राजनीतिक दलों यथा भाजपा व झामुमो सहित अन्य राजनीतिक दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों के बीच जहाँ एक ओर अपनी-अपनी जीत का दावा प्रस्तुत किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर मतदाताओं के बीच स्थिति असमंजस वाली दिखाई दे रही है। यह दीगर बात है कि मुकाबला भाजपा और झामुमों के बीच ही लगभग तय मानी जा रही है। लोकसभा चुनाव- 2024 में भाजपा प्रत्याशी के रूप में सुनील सोरेन को चुनाव लड़ने की स्वीकृति / सहमति पत्र दिये जाने के वाबजूद अचानक उन्हें बैठाकर झामुमो की बागी विधायक सीता सोरेन को दुमका से उम्मीदवार बनाकर पार्टी ने जो निर्णय लिया था, उस निर्णय पर पर्दा डालते हुए वर्ष 2024 के विधान सभा चुनाव में सुनील सोरेन को दुमका विधानसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनाकर और उनकी जीत सुनिश्चित करवाकर भाजपा पूर्व की अपनी गलतियों पर खेद प्रकट करना चाहती है, जो लाजिमी है।

## लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने में पेंशनर समाज कर रहा मदद

**दुमका।**



झारखंड राज्य पेंशनर समाज व एसबीआई दुमका (मुख्य शाखा) के संयुक्त प्रयास से उम्र के अनुसार पेंशनरों को विभिन्न समूह में तिथिवार जीवन प्रमाण पत्र समर्पित करने के कारण काफी सुविधा हुई है।समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत ठाकुर के अनुसार इस बार अन्य वर्ष की भांति परेशानी से जूझना नहीं पड़ रहा है। विगत दो दिनों में सभी पेंशनरों ने अपना-अपना लाइव सर्टिफिकेट समर्पित किया है। समाज के सचिव तारणी प्रसाद कामत, उपाध्यक्ष अरुण झा, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा, मीडिया प्रभारी डॉ कुंदन झा बानेश्वर राय ,प्रद्युमन शर्मा, श्रीकांत चौधरी ,रामानंद मिश्र,अरविंद मिश्रा, भवानी शंकर प्रसाद, अब्दुल रसीद, विजय कुमार, पुरान देशवाल, शंकर झा गणेश साह आदि सदस्य लगातार पेंशनरों से मुलाकात कर बैंक में कोई दिक्कत नहीं हो इस व्यवस्था में लगे रहते हैं। बैंक के मुख्य प्रबंधक वीरेंद्र कुमार स्वयं पेंशनरों को सहयोग करते नजर आते हैं। बैठने और पेय जल की व्यवस्था की गई है।बैंक के प्रहरी सहित अन्य कर्मी को भी इस कार्य में दिलचस्पी लेते देखा जा सकता है। बैंककर्मी अजीत कुमार एवं अन्य कर्मी के सहयोग को देखते हुए समाज के पदाधिकारी ने उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। समाज के पदाधिकारी ने पेंशनरों से अनुरोध किया है कि इस तरह भविष्य में भी सहूलियत मिलता रहे इसके लिए बैंक एव पेंशनर समाज के सहमति से बनाए गए उम्र समूह के लिए निर्धारित तिथि को ही अपना जीवन प्रमाण पत्र समर्पित करें तो बेहतर होगा।
पेंशनर समाज के अध्यक्ष - सचिव ने पेंशनरों से अनुरोध किया है कि 30 नवंबर तक अवशय जीवन प्रमाण पत्र समर्पित करें जिससे पेंशन बाधित न हो सके । मीडिया प्रभारी डॉ कुंदन झा ने बताया कि पेंशनर समाज कार्यालय में भी एक बजे अपराह्न से चार बजे अपराह्न तक ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र समर्पित करने का काम निःशुल्क किया जा रहा है जिसका लाभ लिया जा सकता है तथा अगर कोई पेंशनर अस्वस्थ्य है या उन्हें कोई कठिनाई है तो इसकी जानकारी पेंशनर समाज को दें ताकि उन्हें मदद पहुंचाया जा सके ।

## छठ पर्व की भीड़ से निपटने के लिए रेलवे के अधिकारी तैयार,

### आरपीएफ ने स्टेशन और ट्रेनों में बढ़ाई सुरक्षा व्यवस्था

**संवाददाता।**




मधुपुर आरपीएफ और रेलवे के अधिकारियों के अनुसार छठ पर्व को देखते हुए स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षित यातायात बनाए रखने के लिए आरपीएफ के जवान एवं रेलवे के अधिकारी विशेष सतर्कता बरत रहे हैं। मधुपुर रेलवे स्टेशन पर और प्लेटफार्मों और ट्रेन के प्रवेश द्वारों पर निगरानी रख रहे हैं। साथ ही, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्यवाही की जा सके। इस दौरान भीड़ को सुव्यवस्थित ढंग से नियंत्रित करने के लिए प्लेटफार्मों पर अतिरिक्त कर्मचारियों की भी नियुक्ति की गई है। यात्रियों को सुरक्षित तरीके से ट्रेन में चढ़ने-उतरने में सहायता करने के साथ ही उनके सामान की सुरक्षा पर भी ध्यान दिया जा रहा है। पूछताछ कार्यालय के अधिकारी और आरपीएफ के पदाधिकारी द्वारा यात्रियों के बीच ट्रेन आने पर मेकिंग की व्यवस्था की जा रही है। ताकि उतरने वाले यात्री पहले उतर जाए उसके बाद ही यात्री चढ़े। आरपीएफ के पदाधिकारी ने यात्रियों से अपील की है कि वे सुरक्षा उपायों में सहयोग करें और अनावश्यक भीड़ न बढ़ाएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत रेलवे सुरक्षा बल को दें। अधिकारियों ने यात्रियों को छठ त्यौहार के दौरान अपनी यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए समय पर स्टेशन पहुंचने और सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है। छठ पर्व के दौरान रेलवे स्टेशनों पर भीड़ का दबाव हर साल बढ़ता है, ऐसे में आरपीएफ का यह प्रयास है कि यात्रियों को सुरक्षा का एहसास हो और वे अपने सफर का आनंद बिना किसी चिंता के ले सकें।

## एक प्रेमी युगल का पेड़ से लटकता शव हुआ बरामद

### बड़े भाई की नाबालिग साली से ब्याह करना चाहता था युवक, लड़की के घरवाले राजी नहीं थे।

**दुमका।**

-------------------

जिले के रानीश्वर थाना क्षेत्र में एक प्रेमी युगल का पेड़ से लटकता शव किया गया बरामद। जांच में जुट गई है रानीश्वर थाना की पुलिस। जान देने वाली लड़की नाबालिग है और नवमी की छात्रा है ।
**क्या है पूरा मामलाः** मामला झारखंड - पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित जिले के रानीश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलडांगा जंगल की है । दिन सोमवार की सुबह कुछ ग्रामीणों ने बेलडांगा जंगल में एक पेड़ से लटका एक युवक - युवती का शव देखा। युवक के सर्ट से लड़की और लड़की के दुपट्टे से युवक झूलता नज़र आया। घटना की जानकारी आग की तरह आसपास के इलाके में फैल गई और फौरी तौर पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मृतका की पहचान घटनास्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित एक गांव की कक्षा नौ की नाबालिग छात्रा के तौर पर की गई, जबकि युवक की पहचान रानीश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम साकाकांदर के 18



वर्षीय दूत कुमार राय के तौर पर हुई। मृतक के ममेरे भाई से मृतका की बड़ी बहन की शादी हुई थी । घटना की जानकारी पाकर रानीश्वर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों व परिजनों के सामने दोनों के शव को पेड़ से उतरवाया ।
शादी करना चाहते थे दोनोंः मृतका के जीजाजी जो पास ही के सैंथिया ( बीरभूम जिला ) के रहनेवाले हैं, ने बताया कि उनकी शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी। उस समय से ही मृतक दूत कुमार राय जो उनका ममेरा भाई है, अक्सर उनके ससुराल आता-जाता था। मृतक का घर मृतका के घर से मात्र कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर है । वहीं उसकी मुलाकात उनकी नाबालिग शाली से हुई । दोनों एक दूसरे को चाहने लगे । दोनों जल्द एक दूसरे से शादी करना चाहते थे । मृतका के जीजाजी के अनुसार ससुराल वालों को इस रिश्ते से ऐतराज नहीं था, पर वे चाहते थे कि लड़की मैट्रिक पास कर जाए पर दोनों ज़िद पर अड़े थे । इसी क्रम में सोमवार को उन्हें मुझे पता चला कि दोनों का शव पेड़ से लटका मिला तो वे फौरन अपने ससुराल पहुंचे ।
क्या कहते हैं एसपीः इस पूरे मामले पर दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि एक लड़का और एक लड़की का शव पेड़ से लटकता बरामद किया गया है । शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है । मामला आत्महत्या का है या फिर कुछ और इसकी जांच की जा रही है । वैसे अभी तक दोनों पक्ष में किसी के द्वारा पुलिस को कोई आवेदन नहीं दिया गया है । अगर आवेदन आता है तो उस अनुसार मामले की जांच होगी और आगे की कारवाई होगी ।

## भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह ने आशीर्वाद यात्रा के क्रम में बूढ़ेई मंडल के विभिन्न गांव का दौरा किया

**संवाददाता।**



मधुपुर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी गंगा नरसिंह ने सोमवार को जन आशीर्वाद यात्रा के कर्म में आज बुढ़ेई मंडल के बड़ा नारायपुपुर, छोटा नारायणपुर, भलपहरी, बेलाटांड़, जरियाडीह, चपरी, लालपुर, सलैया, बेलकुकराहा, बरमसिया, सुल्तानपुर, जोड़ामो, रखुनाथपुर ढाब मानिकपुर, दुबराजपुर, तितमोह आदि गांव का दौरा किया और जनता से समर्थन मांगा गंगा नारायण सिंह ने जनता से अपील करते हुए कहा झारखंड में स्थाई और मजबूत सरकार के लिए मधुपुर विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी का जितना बहुत जरुरी है भाजपा के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने प्रत्यासी के रूप में मुझे चुनकर आप सबों को एक मौका दिया आप सब इस मौका को मत चुके और झारखंड से निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने में अपनी भूमिका निभाएं। श्री सिंह ने आगे कहां की भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने विकास के जितने काम किए उस काम का आगे बढ़ाने के बजाय हेमंत सरकार ने उन सब कामों में अवरोध पैदा किया। हेमंत सरकार जी सिर्फ लूटने में और अपनी तिजोरी भरने में ही अपना कार्यकाल पार किया। मुस्लिम तुष्टिकरण के नाम पर इस सरकार में हिंदू आबादी को प्रताडित करने वालों को इस सरकार ने सहयोग और समर्थन दिया है फैसला आप जनता को करना है कि आप राज्य में अमन और शांति कायम करने वाली सरकार चाहते हैं या दंगा करने वालों को सरंक्षण देने वाली सरकार। जनता को भरोसा दिलाते हुए गंगा नारायण सिंह ने कहा कि अगर आप मुझे अपना प्रतिनिधि चुनकर झारखंड विधानसभा में भेजते हैं तो मैं आप सबों को निराश नहीं करूंगा।इस यात्रा में बुढ़ेई मंडल अध्यक्ष मनोहर चौधरी, सुभाष , पप्पू यादव पंकज भदोरिया , जयप्रकाश सिंह, राजेंद्र पांडे झगरू सिंह अर्जुन सिंह विकास यादव सीताराम यादव किरण मंडल, चंदन, चौधरी सिंह राकेश मंडल आदि साथ रहे।

## नारायणपुर के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष केश्वर सोरेन ने भाजपा छोड़कर की कांग्रेस में घर वापसी

**संवाददाता।**

**जामताड़ा।** नारायणपुर के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष श्री केश्वर सोरेन ने भाजपा से त्यागपत्र देकर पुनः कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। इस अवसर पर उन्होंने अपनी घर वापसी पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि भाजपा में शामिल होने का निर्णय उनके लिए एक क्षणिक भ्रम था, जहां कुछ लोगों ने उन्हें बहलाकर भाजपा में शामिल करवा दिया। केश्वर सोरेन ने कहा कि कांग्रेस में वापसी की प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए कहा । में कांग्रेस पार्टी का सच्चा सिपाही हूँ, और आदरणीय इरफान अंसारी के नेतृत्व में महागठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए पूरी मेहनत करूँगा।



भाजपा की असलियत और उनकी नीति-रीति को मैं जनता के समक्ष रखूँगा ताकि हमारे लोग सच को समझ सकें। कांग्रेस परिवार ने केश्वर सोरेन का पुनः स्वागत करते हुए इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस सदैव आदिवासियों और वंचित वर्गों के हक और सम्मान की लड़ाई लड़ती रही है। सोरेन की घर वापसी से कांग्रेस के आदिवासी समाज के प्रति समर्पण और मजबूत हुआ है।

## न्यूज़ अपडेट

### ऑब्जर्वर अरुंधाति चक्रवर्ती सभी बूथों का निरीक्षण किया




**श्रम बिंदु संवाददाता दारू ।** विधानसभा चुनाव को लेकर ऑब्जर्वर अरुंधाति चक्रवर्ती , प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद , अंचल अधिकारी राम बालक कुमार एवं दारू थाना प्रभारी सफीक खान के द्वारा दारू प्रखंड के सभी बूथों का निरीक्षण किया जा रहा है इस दौरान ऑब्जर्वर ने दारू प्रखंड के कई बूथों को निरीक्षण की और कई लोगों को बतलाई की अपना मत अपने स्वेच्छा अनुसार मतदान करे कही कि वोट अपना अधिकार है किसी के कहने या लोभ लालच में आकर मतदान नहीं करें दारू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाता अपने वोट के महत्व को जाने और अपना मत का प्रयोग स्वयं करें दारू प्रखंड के सीओ राम बालक कुमार ने कहा कि हम लोग हर बूथ का निरीक्षण इसलिए कर रहे हैं ताकि समय से पहले बूथ पर जो समस्या है उसका समाधान किया जा सके दारू थाना प्रभारी सफीक खान ने बतलाया कि सभी बूथों पर प्रशासनिक व्यवस्था मुकम्मल रहेगी ताकि मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो

### दारू मुखिया सुनील कुमार ने दारूडीह छठ घाट मार्ग का कराया सफाई

**श्रम बिंदु संवाददाता दारू।** दारू प्रखंड के अंतर्गत दारू के मुखिया सुनील कुमार ने दारूडीह के छठ घाटों का सफाई करवाया सुनील कुमार ने बताया कि प्रति वर्ष हम अपने पंचायत में छठ घाटों का सफाई करवाते हैं ताकि छठ घाट पर आने वाले व्यक्ति को किसी प्रकार का दिक्कत नहीं हो उन्होंने बताया कि रास्ता इतना खराब था कि यहां पर छठ पूजा करना संभव नहीं था लेकिन जेसीबी लाकर छठ घाट के रास्ते को बनाया और साफ कराया दारू मुखिया सुनील कुमार ने यह भी बतलाएं समय से पहले छठ घाटों की सफाई कर लिया जाएगा



### भाजपा ने मांडू में चुनाव संचालन समिति का किया गठन,रंजित सिन्हा बनाए गए संयोजक

**टाटीझरिया(हजारीबाग)।** मांडू विधानसभा में किला फतह करने के लिए भाजपा ने भी कमर कस लिया है। यहां से एन डी ए प्रत्याशी के रूप में आजसू के निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो तीसरी बार चुनावी दंगल में हैं। 2014 ,2019 और अब 2024 में वे चुनाव लड़ रहे हैं। जहां 2014 और 2019 में वे एन डी ए गठबंधन में नहीं थे,वहीं इस चुनाव में बतौर एन डी ए प्रत्याशी दो -दो हाथ करने को तैयार हैं। भाजपा भी चाहती है कि वे झारखंड में सरकार बनाए और इसीलिए विधानसभा के हरेक सीट उनके लिए मायने रखता है। इसलिए यहां विधानसभा के चुनावी जंगवको लड़ने के लिए चुनाव संचालन समिति का गठन किया है।जिसमें रंजित कुमार सिन्हा को संयोजक,मिथिलेश पाठक और पंकज शाह को सह संयोजक तथा अमरेंद्र गुप्ता,खिरोधर साहू,द्वारिका सिंह,राजेंद्र कुशवाहा,चंद्रनाथ भाई पटेल,सर्वेश सिंह,खुशीलाल महतो,मधुसूदन प्रसाद,पुरुषोत्तम पांडेय,नारायण महतो,किरण देवी,शंकर करमाली और सुनील मिश्रा को संचालन समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। समिति के पदेन सदस्य रामगढ़ और हजारीबाग के भाजपा जिलाध्यक्ष तथा सभी मंडलों के अध्यक्ष को बनाया गया है। अब सभी मंडलों में भी संचालन समिति का गठन किया जा रहा है। समिति के सदस्यों को चुनाव के दृष्टिकोण से विभाग बांटे जाने हैं ,साथ हीं उन्हें मंडलों में बेहतर रणनीति बनाए जाने को जवाबदेही दी गई है।

### धरमपुर छठ घाट की हुई साफ-सफाई

**टाटीझरिया।** आस्था का महापर्व छठ पूजा की व्यापक तैयारी शुरू हो गई है। पर्व को लेकर छठ घाटों में साफ-सफाई की जा रही है। धरमपुर छठ घाट में युवकों के पहल व जेसीबी मशीन के द्वारा घाट की साफ-सफाई कराया गया। इस दौरान कृष्णा साव, छोटी साव, कौलेश्वर साव, मटुक साव, अनु यादव, ईश्वर ठाकुर, वीरू यादव, लालू प्रजापति, डेगलाल साव, गौतम साव आदि शामिल रहे। इन्होंने बताया कि घाट पर पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है।

### पुलिस ने दो अलग-अलग मामलें में ट्रक-जेशीब मशीन को किया जप्त

**बड़कागांव।** बड़कागांव पुलिस के द्वारा दो अलग-अलग मामलें में ट्रक तथा जेशीब मशीन को जप्त करके थाना परिसर लाया गया है।271/24 मामले में ट्रक चालक की मृत्यु हो गया था तथा 272/24 में जेसीबी मशीन से पिपराडीह निवासी रुकनी देवी 45 वर्षीय का मौत हो गई थी।

### आज बड़कागांव प्लस टू स्कूल मैदान में गरजेंगे



**बड़कागांव।** झारखंड में विधानसभा चुनाव चल रही है। वहीं सभी पार्टियों चुनाव प्रचार में लगी हुई है। वहीं बड़कागांव विधानसभा से एनडीए गठबंधन रौशनलाल चौधरी को उम्मीदवार बनाया गया।उन्ही के प्रचार में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बड़कागांव प्लस टू स्कूल मैदान में 11.00 बजे चुनावी सभा को संबोधित करते हुए अपने कार्यकर्ताओं को जोश भरेंगे और विपक्ष पर जमकर बरसेंगे। वहीं कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां जोर-शोर किया जा रही हैं। तथा ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं का जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।उक्त आशय कि जानकारी बड़कागांव पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदिय साहू सोनी ने दी।

---

बरही ब्लॉक मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू के पक्ष में जनसभा, उमड़ा जनसैलाब

# मंईयां सम्मान योजना और बिजली बिल माफी, कृषि ऋण माफी से घबरा गई है भाजपा : कल्पना

**श्रम बिंदु बरही।**






बरहीः गठबंधन सरकार की स्टार प्रचारक व गांडेय के विधायक कल्पना सोरेन ने बरही प्रखंड मैदान में आयोजित गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू के पक्ष में विशाल जनसभा को संबोधित किया। सभा में हजारों की संख्या में बरही विधानसभा क्षेत्र के लोग पहुंचे। सभा की अध्यक्षता कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता व संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। सभा का संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने एक ओर हेमंत सरकार की उपलब्धियां को गिनवाया वहीं दूसरी ओर भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला भी बोला। कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन ने कम समय में जो विकास का काम किया है, उसी के लिए हम आपके पास आशीर्वाद मांगने आए है, जो हमारा हक और अधिकार है। आज मंईयां सम्मान योजना से भाजपा घबरा गई है। मईयां सम्मान योजना से 55 लाख महिलाओं के खाते में आसानी से राशि जा रही है। किसानों का ऋण माफी हुआ है, बकायेदारों का बिजली का बिल माफी हुआ है, 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है। 25 लाख गरीबों को अबुआ आवास, 40 लाख लोगों को पेंशन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बात नहीं अपने काम को धरातल पर उतारने पर विश्वास करती है। केंद्र सरकार महंगाई का बोझ दी है तो हेमंत सरकार ने उस बोझ को कम करने की काम की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2000 में झारखंड बना जिसमें भाजपा ने 20 साल राज किया, लेकिन राज्य को बदहाल हालत में छोड़ दिया था, जबकि हेमंत सोरेन पांच साल में झारखंड को विकास के रास्ते पर लेकर आए हैं। उसमें भी 2 साल कोविड का काल रहा, साजिश के तहत 6 माह हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। सिर्फ ढ़ाई साल काम करने का मौका मिला और हेमंत सरकार ने बेहतर काम करके दिखाया जो भाजपा के लोगों को पच नहीं रहा। हम झारखंड की मान - सम्मान, स्वाभिमान और विकास की लड़ाई लड़ रहे हैं। आप लोगों का सहयोग मिलेगा तो आने वाले समय झारखंड में महागठबंधन की सरकार अपने बचे हुए विकास कार्य को बहुत तेजी से पूरा करेगी। कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह हरियाणा के पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि भाजपा ने 27 प्रतिशत आरक्षण कम करके 14 प्रतिशत की है। कहा कि बिहार के तर्ज पर जाति का जनगणना होनी चाहिए झारखंड में जिससे लोगों के हक और अधिकार मजबूती मिल सके। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों के बारे में जो भाजपा के द्वारा भरमाया जा रहा है, तो बॉर्डर जो है केंद्र सरकार के अधीन है, अमित साह झारखंड की जनता को बरगलाने का काम ना करें। झारखंड का जो रॉयल्टी का पैसा 1,36 लाख करोड़ बकाया है वह केंद्र सरकार अभिलंब झारखंड सरकार को भुगतान करें। साबी देवी ने सभा ने कहा कि यहां की जनता ने वर्ष 2014 मुझे करीब 40 हजार वोट दिया था। इस बार मेरे पुत्र अरुण साहू को जीत सुनिश्चित कर स्व. तिलेश्वर साहू के क्षेत्र के समग्र विकास की सपना को साकार करें। कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने सभी का अभिवादन करते हुए कहा कि बरही में बदलाव की लहर चल चुकी है। इस दौरान उन्होंने बरही के वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक पर तंज कसा, कहां की 30 वर्ष बाद भी बरही को पानी तक नहीं दिलवा पाए। मेरे पिता यहां विकास करने आए थे किंतु उनकी हत्या कर दी गई। कार्यक्रम को सदर के पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह समेत कई नेताओं ने भी संबोधित किया और अरुण साहू के पक्ष में मत मांगा। कार्यक्रम में गठबंधन के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। कल्पना सोरेन का हेलीकॉप्टर प्रखंड मैदान में उतरते ही स्वागत में जोरदार नारेबाजी हुआ। कार्यक्रम में ओबीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव, साबी देवी, मेघनाथ साहू, कांग्रेस के ऑब्जर्वर छाया वर्मा, प्रदेश सचिव मनोज सहाय, झामुमो नेता विनोद विश्वकर्मा, हेमा देशमुख, बीरेंद्र राणा, कांग्रेस कोडरमा जिला अध्यक्ष भगीरथ पासवान, तोखन रविदास, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजाम उद्दीन अंसारी, इकबाल रजा, उदय केशरी, सुनील साहू, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुजीत नागवाला, चौपारण उप प्रमुख प्रति गुप्ता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष देवानंद कुमार, विष्णुधारी महतो, छोटन ठाकुर, कांग्रेस चंदवारा प्र-खंड अध्यक्ष प्रमोद वर्णवाल, बैजू गहलौत, कार्तिक पासवान, मो ताहिर, संतोष,चंद्रभूषण, संजय दास, उमाशंकर, गौतम मेहता, मो नईम, जावेद, संतोष रजवार, मो जमीरउद्दीन, राजेंद्र कुमार,मो. रिजवान, मो. गुलजार समेत हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुवे।

## छठ पूजा की महत्त्व की लेकर लोयोला विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

**चरही (हजारीबाग)।**




सोमवार को लोयोला विद्यालय में छठ की महत्वता को ध्यान में रखते हुए छठ पूजा कैसे और क्यों मनाया जाना चाहिए इसके लिए सीसीए एक्टिविटीज के तहत कार्यक्रम रखा गया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और छठ महापर्व की महत्वता के साथ क्यों मनाई जानी चाहिए इसके बारे में लोयोला विद्यालय के प्रबंधक और शिक्षकों ने उन्हें संदेश प्रदान किया ।छठ पूजा का आयोजन के लिए बच्चों ने नई-नई पोशाक पहनकर एवं छठवर्ती बनाकर विद्यालय भी आए।
लोयोला विद्यालय के प्रबंधक निर्देशक एम के बरनवाल बच्चों का उत्साह देखकर खुद को गौरवान्वित महसूस करते कर रहे थे और साथ में कहा कि पहली बार कोई विद्यालय चरही में कुछ इस तरह से का आयोजन कर रही हैं और छठ पूजा के महत्व को बता रही हैं साथी हि यह भी कहा कि बहुत जल्द दिसंबर महीने में डिस्ट्रिक्ट लेवल पर कराटे, और गतका, इंटर स्कूल टूर्नामेंट का आयोजन लोयोला विद्यालय के बैनर तले किया जा रहा है जिसमें सभी अभिभावक को आमंत्रित करते हुए उन्हें स्वागत करती है।

## सभी छठ घाटों पर पैनी नजर वीडियो

**श्रम बिंदु संवाददाता दारू ।**



दारू प्रखंड के सभी छठ घाटों पर अपनी नजर है वीडियो लोक आस्था और सूर्य उपासना का महान पर्वत छठ की शुरुआत होने वाली है इसी को देखते हुए दारू प्रखंड के वीडियो हारून रशीद , सीओ राम बालक कुमार और थाना प्रभारी सफीक खान ने सभी छठ घाटों का निरीक्षण किया और छठ घाटों पर जो भी कमी है उस कमी को दुरुस्त करने के लिए कई दिशा निर्देश दिए गए दारू प्रखंड के वीडियो हारून रशीद ने बतलाया कि सबसे पहले छठ घाट पर लाइट का उचित प्रबंध किया जाए ताकि छठ घाट पर आने वाले व्यक्ति को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। साथ ही साथ बतलाया गया कि छठ घाट पर बास का ब्रैकेटिंग की व्यवस्था की जाए ताकि व्यक्ति पानी के गहराई में नहीं जाए दारू प्रखंड के सीओ राम बालक कुमार ने बतलाया कि समय से पहले सभी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए ताकि किसी प्रकार की कोई समस्या छठ घाट पर उत्पन्न नहीं हो और पूजा आसानी से सभी छठ घाटों पर किया जाए दारू थाना प्रभारी ने बतलाए छठ घाटों पर पूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न किया जाए छठ पूजा एक ऐसा पर्व है जहां लोग मिलजुल कर पर्व को बनाते हैं

# राष्ट्रपति से प्रशंसित सोहराई कलाकार मानिकचंद हुए सम्मानित

**श्रम बिंदु बरही।**

फ्रांसीसी मेहमानों का जोरदार स्वागत



बरही : संग्रहालय, आर्ट गैलरी और जन जागरण केंद्र ने एक सम्मान समारोह आयोजित कर राष्ट्रपति से प्रशंसित सोहराई कलाकार मानिकचंद को सम्मानित किया। आयोजन तीन दिवसीय दौरे के समापन के अवसर पर किया गया। सम्मान समारोह में पद्म श्री बुलू इमाम, जन जागरण केंद्र के सचिव संजय सिंह, गुस्ताव इमाम, अलका इमाम व ए. इमाम उपस्थित थे। मौके पर फ्रांसीसी 12 मेहमानों का जोरदार स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में फ्रांस, नई दिल्ली और रांची के टूर ऑपरेटरों के साथ-साथ सोहराई कला महिला सहयोग समिति की महिला कलाकार भी उपस्थित थी। जन जागरण केंद्र के सचिव संजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सोहराई कलाकार माणिकचंद को हाल ही में राष्ट्रपति ने सम्मानित किए थे।माणिकचंद को सोहराई कला में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया हैं। माणिकचंद अपनी माता सजवा देवी व पिता मुंशी महतो को इसके लिए प्रेरणा मानते है। फ्रांसीसी टीम ने उड़िया, भेलवाड़ा, लुकियाया, केंदवा टोली, जोराकाठ और इस्को रॉकआर्ट जैसे विभिन्न गांवों का दौरा किया और कला के रूप और भारतीय संस्कृति में इसके महत्व के लिए अपनी सराहना व्यक्त की। सूबे के हजारीबाग में जन्मी सोहराई कला को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को सोहराई पेंटिंग उपहार के रूप में भेट कर इस कला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। सोहराई फसल उत्सव के दौरान बनाई गई यह पारंपरिक कला मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने और देश के कलात्मक परिदृश्य में सोहराई कला के महत्व पर प्रकाश डाला गया। सम्मान समारोह मानिकचंद की असाधारण प्रतिभा और आदिवासी कला की दुनिया में उनके योगदान की सराहना व मान्यता का एक प्रमाण है।

### मुखिया ने कोरियाडीह और धनवार छठ घाट सहित रास्तों को किया दुरुस्त

- व्रतियों को नहीं होगी परेशानी, छठ घाटों और रास्तों की सफाई सुनिश्चित : राजेंद्र प्रसाद

**श्रम बिंदु /बरही।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर सोमवार को धनवार पंचायत के युवाओं ने श्रम दान कर घाटों और रास्तों की साफ- सफाई का व्यापक अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद के देख रेख में किया गया। उन्होंने छठ व्रतियों के लिए अपने निजी कोष से पंचायत क्षेत्र के सभी प्रमुख रास्तों पर मिट्टी-मोरम डालें और सड़क किनारे जमे कूड़े-कचरे को हटाने के लिए युद्धस्तर पर काम किया। इसमें प्रयुक्त जेसीबी और ट्रैक्टरों का उपयोग में लाया। मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि छठ पूजा एक महत्वपूर्ण आस्था का पर्व है। इसे निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने के लिए पंचायत स्तर पर हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। कोरियाडीह और धनवार सहित अन्य प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं और व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा गया है ताकि छठ पूजा के दौरान स्वच्छ वातावरण में कार्य सुनिश्चित हो सके। इस कार्य में पंचायत के उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, अजय कुशवाहा सहित अन्य स्थानीय लोग भी सफाई अभियान में सहयोग दे रहे हैं।



## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जेपी पटेल ने टाटीझरिया के कई गांवों में किया जनसंपर्क

**संवाददाता।**



**टाटीझरिया।** मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत टाटीझरिया के विभिन्न गावों में सोमवार को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रवि सिंह के नेतृत्व में इंडिया गंठबंधन के कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने झामुमो व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान जय प्रकाश भाई पटेल को भारी मतो से विजय बनाने का आहवान किया गया। जनसंपर्क अभियान टाटीझरिया के गोधिया, मथुरा नगर, घुघुलिया, केसडा, डहरभंगा व टाटीझरिया में चलाया गया। जेपी पटेल ने कहा कि हम आपके साथ हमेशा खडा है और रहेंगे। टाटीझरिया क्षेत्र में हमने विभिन्न योजनाओं का काम कराया है। इस क्षेत्र को विकसित क्षेत्र बनाने में आपलोग हमारी मदद करे, ओर हमें भारी मतों से अपना वोट देकर विजयी बनावें। इस मौके पर सचिव जगदीश चंद्र यादव, कामेश्वर पांडेय, योधी प्रसाद यादव, सुरेन्द्र प्रसाद यादव, अर्जुन राणा, इंद्रदेव यादव सनोज अगेरिया, अशोक अगेरिया, लक्ष्मण यादव, कामेश्वर महतो, बलदेव महतो, त्रिलोकी महतो, हरिलाल मांझी, सीताराम महतो, नारायण प्रसाद, रीतलाल महतो, विजय प्रसाद, अनिल कुमार, विनोद महतो, त्रिलोकी महतो, दौलत महतो, मो. फरीद अंसारी, मो. क्यूम अंसारी, इरफान अंसारी, हरिलाल मांझी, नारायण मंडल, ननकी देवी, बंशी मांझी, महेश मांझी समेत झामुमो और कांग्रेस के कई कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## बाईक सवार युवक की दुर्घटना के बाद हुई मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**संवाददाता।**



**टाटीझरिया ।** रविवार की रात हजारीबाग की ओर से विष्णुगढ़ जा रहा बाइक सवार युवक लाईनहोटल चौक टाटीझरिया के समीप अज्ञात वाहन से जा टकराया। जिससे बाइक चालक 23 वर्षीय ऋषिकांत दुबे का हाथ टूट गए और अंदरूनी चोट लगी। घायल युवक विष्णुगढ़ निवासी वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र दुबे का इकलौता बेटा था। दुर्घटना के बाद टाटीझरिया में प्राथमिक ईलाज कर घायल को हजारीबाग ले जाया गया। जहां ईलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार सुबह शव का अंतिम संस्कार किया गया। युवक की मौत पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि राजेंद्र दुबे के इकलौते पुत्र के सड़क दुर्घटना में निधन की सूचना मिली। इससे काफी व्यथित हूं। ईश्वर परिजनों को इस अस' पीड़ा को सहने की शक्ति दें। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में संतोष मंडल, मिथिलेश कुमार पाठक, कैलाशपति सिंह, अवधेश चौधरी, महादेव यादव, सत्येंद्र सिंह, राजू यादव, अरूण सिंह, महेश अग्रवाल, दिगंबर सिंह, बजरंगी साव, परमेश्वर प्रसाद यादव, कृष्णा साव व अन्य शामिल हैं।

न्यूज़ अपडेट

## सेल ने अकादमिक सहयोग के लिए एएससीआई, हैदराबाद के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया



**बोकारो** । स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया हैदराबाद के बीच बीते दिन को कंपनी के नई दिल्ली स्थित कॉर्पोरेट ऑफिस में अकादमिक सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।यह समझौता ज्ञापन सेल केनव-पदोन्नत अधिकारियोंसहित दूसरे कार्मिकों के लिए अनुकूलित प्रबंधन विकास कार्यक्रमों के संचालन की सुविधा प्रदान करेगा। इस तरह के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ साझेदारी सेल की समग्र शिक्षा और विकास रणनीति का हिस्सा है, जिससे कंपनी के अधिकारियों को और अधिक अकादमिक अनुभव मिल सकेगा और उन्हें नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए तैयार किया जा सकेगा।
इस समझौता ज्ञापन पर सेल के निदेशक (कार्मिक) केके सिंह और एएससीआई, हैदराबाद के निदेशक डॉ. निर्मल्या बागची की उपस्थिति में किए गए।

## चोरों ने दो घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया

**पेटरवार** । पेटरवार रघुनाथपुरम आवासीय कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने दो घरों और प्रदान स्वयं सेवी संस्था के कार्यालय के मुख्य द्वार पर लगे ताले को तोड़कर लाखों रूपये के मूल्य की संपति चोरी कर फरार हो गए। इस घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पेटरवार पुलिस को दी गई है। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा चोरी की घटना की विस्तृत जानकारी ली।अज्ञात चोरों ने रघुनाथ पुरम लीला जानकी रोड पर स्थित कुमार दीपक सिन्हा के आवास में किराए के मकान में रह रहे प्रदान संस्था के एक कर्मचारी ज्योत्सना जायसवाल के यहां चोरी की घटना को अंजाम दिया। अज्ञात चोरों ने मकान के मुख्य द्वार में लगे ताले को तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया तथा ऊपर ताले में रह रहे किरायेदार के दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया।और घर में रखे आलमारी को तोड़कर उसमें रखे करीब पांच लाख रूपये मूल्य के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ली। चोरों ने बच्चे के गुल्लक को तोड़कर उसमें रखे गए करीब 15 हजार रूपये भी चोरी कर ली। बता दे कि दीपावली के मौके पर ज्योत्सना जायसवाल घर में ताला लगा कर अपने घर गई हुई थी।अज्ञात चोरों के गिरोह ने इसी गली के अंतिम छोर पर स्थित स्व हीरालाल वर्मा की पत्नी सबिता देवी के आवास को निशाना बनाया और मुख्य द्वार में लगे ताला को तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया और घर में रखे बक्से ओर आलमीरा को तोड़कर उसमें बेटी की शादी के लिए रखे सोने चांदी के जेवरात सहित बर्तन, नगदी ओर नए कपड़ों की चोरी कर फरार हो गए। पेटरवार पुलिस चोरी की घटना की जांच जुट गई है ।

## लोक आस्था का छठ महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान आज से प्रारंभ

**बोकारो** । लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा का चार दिवसीय अनुष्ठान आज से नहाय खाय के साथ शुरू हो जाएगा. छठ महापर्व को लेकर शहर से लेकर गांव तक के विभिन्न तालाब व जलस्त्रोतों की साफ-सफाई का काम लगभग पूरा हो चुका है. छठ घाट बनाने का काम अंतिम चरण में है. इस संबंध में पुजारी ने बताया कि भगवान भास्कर की पूजा अर्चना करने से श्रद्धालुओं को वंश, मान, प्रतिष्ठा व कीर्ति प्राप्त होता है. नहाय खाय के साथ आज से छठ महापर्व का शुभारंभ होगा. इस दिन छठव्रती स्नान के बाद कद्दू भात को प्रसाद के रूप में ग्रहण कर करते है. बुधवार संध्या में खरना होगा. इस दिन छठव्रती दिन भर निर्जला उपवास रहकर सूर्यास्त के बाद दूध से खीर बनाते हैं. पूजन कर भगवान सूर्य को भोग लगाकर, प्रसाद के रूप में स्वयं ग्रहण कर श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद के रूप वितरण किया जाता है. इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास की शुरुआत हो जाता है. छठव्रत अनुष्ठान के तीसरे दिन गुरूवार को छठव्रतियों द्वारा निर्जला व्रत रखकर संध्या काल में अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जाएगा. अनुष्ठान के चौथे दिन शुक्रवार की सुबह में उगते हुए भगवान भास्कर को छठव्रती तालाबों व सरोवरों में खड़ा होकर श्रद्धा व भक्ति के साथ दूसरा अर्घ्य दिया जाएगा. इसके साथ ही चार दिनों का सूर्योपासना का महापर्व छठ शुक्रवार को संपन्न हो जाएगा.

## अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद विभाग द्वारा चलाया गया छापेमारी अभियान



**श्रमबिंदु/रामगढ़।** आचार संहिता प्रभावी होने के उपरांत के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त उत्पाद सुनील कुमार चौधरी के आदेशानुसार उत्पाद बल एवं सशस्त्र गृहरक्षक बल के सहयोग से गोला थाना अंतर्गत चौक बाज़ार गोला में सुखेदव पोद्दार के गैस दुकान एवं घर मे सघन व व्यापक छापामारी कर विभिन्न ब्रांड एवं साइज़ के 103 बोतलों से 27.42 लीटर देशी शराब, 11.95 लीटर बीयर एवं 6.285 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया।छापेमारी अभियान के दौरान में चौक बाजार गोला निवासी सुखदेव पोद्दार को उत्पाद अधिनियम की धारा 47( ),55 एवं अन्य धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है छापेमारी अभियान में मुख्य रूप से उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेश कुमार, सिपाही विनय सिंह,कमलेश कुमार, नंदलाल महतो एवं अधीनस्थ सशस्त्र गृहरक्षक के जवान शामिल थे।

# उपायुक्त के निर्देशानुसार उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर मिनी अवैध विदेशी शराब फैक्ट्री का किया उद्भेदन

**बोकारो ।**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार एवं सहायक उत्पाद आयुक्त के मार्ग दर्शन में विधानसभा चुनाव के आलोक में जिला उत्पाद बल के सहयोग से दुग्दा थाना अंतर्गत बुढ़ीदीह क्षेत्र में छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। जहां भारी मात्रा में शराब निर्माण की सामाग्री एवं तैयार शराब बरामद किया गया।
मामले में संलिप्त अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सूसंगत धाराओं के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करवाया गया। छापामारी दल में निरीक्षक उत्पाद बिजय कुमार पाल,अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट, सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास उपस्थित थे। मौके से टीम ने कुल 5 लाख 8 हजार 470 रूपये मूल्य का सामान जब्त किया है। जिसमें विदेशी शराब 6 पेटी में 72 पीस कुल 54 लीटर, शुष्क स्पिरिट पांच जरकीन में 225 लीटर, तैयार विदेशी शराब- 10 जरकीन में 450 लीटर, ब्लैक टाइगर व्हिस्की के लेबल का एक रोल, 111 व्हिस्की के लेबल का एक रोल, नंबर एक व्हिस्की, बी सेवन व्हिस्की, आर सी व्हिस्की एवं आइकोनिग वाइट व्हिस्की का लेबल का बंडल, झारखंड सरकार का नकली ईएएल, विभिन्न ब्रांड के ढ़क्कन, खाली बोतल एवं पेट बोतल इत्यादि शामिल है।



## मतदान को लेकर सिनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की बैठक संपन्न

**बोकारो ।**

'सिनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी' की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन इसके संयोजक रघुवर प्रसाद की अध्यक्षता में बोकारो के कोऑपरेटीव कॉलोनी स्थित प्लाट नंबर 287 के प्रांगण में संपन्न हुई जिसका संचालन गौरी शंकर दुबे ने किया । ज्ञात हो कि यह एक निबंधित संस्था है जो वरिष्ठ नागरिकों के हितार्थ कार्य करती है । बैठक में निर्णय लिया गया कि संस्था सभी वरिष्ठ नागरिकों से अपील करेगी कि सभी अपने मत का प्रयोग आगामी विधान सभा के चुनाव में निश्चित ही करें तथा समाज को भी बताएं कि आज के समय में किसे मत देना उचित होगा जो राज्य को विषम परिस्थितियों से उबार सके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों सहित सबोंका कल्याण हो और न्याय मिल सके । पूरे झारखंड के वरिष्ठ



नागरिकों को मतदान केंद्रों तक सुगमता से पहुंचने हेतु चुनाव आयोग द्वारा व्यवस्था की जाय तथा उन्हें लाइन में नहीं लगना पड़े इसका भी ध्यान रहे । राज्य में वरिष्ठ नागरिक आयोग का गठन हो इसके लिए भी आगामी राज्य सरकार से यह संस्था प्रयास करेगी । सबों से आग्रह किया गया कि वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करें क्योंकि एकदिन सबको ही वरिष्ठ नागरिकों की श्रेणी में आना है । मुख्य रूप से उपस्थित समाजसेवी सह पर्यावरणविद शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने बुजुर्गों के प्रति बढ़ते अपराध और उनको प्रताड़ित कर वृद्धाश्रम में रहने पर मजबूर करने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त किया तथा सरकार और प्रशासन से बुजुर्गों को संरक्षण प्रदान करने की मांग किया ।
इस बैठक में मुख्य रूप से शशि भूषण ओझा 'मुकुल', रघुवर प्रसाद, विजय त्रिपाठी, डिस्को नेता विनय कुमार, अर्जुन पांडेय, राम बचन सिंह, गौरी शंकर दुबे, डॉ. सुरेंद्र तिवारी, श्रीभगवान पांडेय, डी पी वर्मा सहित कई वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

## बोकारो प्लांट में समारोह आयोजित कर किया गया सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन

**बोकारो थर्मल।**

सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन सोमवार को बोकारो थर्मल प्लांट के अन्दर तकनीकी भवन सम्मेलन कक्ष में पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। यह डीवीसी की और से 28 अक्टूबर से 4 नवंबर तक सत्य निष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि की विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया।इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें अधिकारियों ,कर्मचारियों तथा विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ महाप्रबंधक (एफजीडी) एसएन प्रसाद महा प्रबंधक (ओ एम एम) सुदीप्तो



भट्टाचार्या तथा उप महाप्रबंधक शोभित धारा , अजय केस , राजीव सिल , सौमेन मंडल, अखिलेश सिंह , एसपी महापात्रा , बी.जी. होलकर एवं डॉक्टर संगीता देवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का स्वागत भाषण मो. तारिक सईद, प्रबंधक (सतर्कता) द्वारा किया गया । कार्यक्रम का संचालन दीनानाथ शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान निर्णायक मंडली ने अपने उद्धार के शब्दों से सभागार को बहुत सी बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया तथा धन्यवाद ज्ञापन बी.जी. होलकर, उप महा प्रबंधक (प्रशासन) ने दिया और मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद के अनुमति से कार्यक्रम का समापन घोषित किया गया।

## कोल इंडिया के स्थापना दिवस समारोह में बरका-सयाल

### जीएम अजय सिंह को मिला सर्वश्रेष्ठ महाप्रबंधक का पुरस्कार

**रामगढ़ ।**

कोयला उत्पादन, डिस्पैच और बुनियादी ढांचे के विकास में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बरका-सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह को सर्वश्रेष्ठ जीएम का पुरस्कार मिला है। कोल इंडिया लिमिटेड के 50वें वार्षिक दिवस समारोह में प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र महाप्रबंधक पुरस्कार से जीएम अजय सिंह को सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि अजय सिंह के कुशल नेतृत्व में बरका-सयाल क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 61.38 लाख टन का अब तक का सबसे ऊंचा कोयला उत्पादन हासिल किया। जो क्षेत्र की स्थापना के बाद से एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह उल्लेखनीय सफलता पिछले वर्ष के उत्पादन पर 11% की दो अंकों की वृद्धि को दर्शाती है। उनके योगदान में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को भी आगे बढ़ाना शामिल है। विशेष रूप से नोर्थ उरीमारी में कोयला हैंडलिंग प्लांट (सीएचपी) सायलो जो कोयला मंत्रालय की महत्वाकांक्षी फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजना का एक हिस्सा है। इसका उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1 मार्च 2024 को किया गया था। इस परियोजना ने कोयला डिस्पैच को सरल बनाने, परिवहन समय को कम करने और आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावे महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में 6 नवंबर 2023 को नोर्थ उरीमारी साइडिंग को संचालित किया गया। जिससे वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगभग 270 रैंक का डिस्पैच संभव हुआ। यह प्रगति अजय सिंह के कुशल संचालन उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। बरका-सयाल क्षेत्र में विकास को गति देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिससे देश की ऊर्जा आवशयकताओं को पूरा करने के कोल इंडिया लिमिटेड के मिशन को मजबूती मिली है। उनकी उत्पादन और नवाचार की लगन संगठन के अन्य सदस्यों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।
इधर जीएम अजय सिंह को पुरस्कार मिलने से अधिकारियों और कर्मियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## रंगोली,दीपोत्सव एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सिटी पार्क में मतदान करने का दिया संदेश

**बोकारो** । आगामी विधानसभा आम चुनाव को लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग द्वारा विभिन्न गतिविधि का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जिले के सिटी पार्क में रंगोली, दीपोत्सव और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के महत्व से मतदाताओं को जागरूक किया गया। रंगोली, दीपोत्सव और नुक्कड़ नाटक के



माध्यम से टीम के सदस्यों ने मतदान के महत्व, वोट देने का अधिकार और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया का संदेश दिया।नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार ने पार्क में उपस्थित लोगों को आगामी 20 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित किया एवं उन्हें दूसरे को मतदान करने के लिए जागरूक करने को कहा। सभी को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया। मौके पर नोडल पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता समेत स्वीप कोषांग के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# गोमिया पुलिस ने एक दुकान में छापामारी कर अवैध विदेशी शराब बरामद किया

**गोमिया।**

बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड थानांतर्गत कारीटोंगरी पिंडरा गांव में सोमवार को पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब और बीयर बरामद की. यह कार्रवाई थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता के नेतृत्व में की गई, जो गुप्त सूचना के आधार पर संचालित थी.सूचना मिली थी कि संजय साव नामक



व्यक्ति अपनी चाय-नाश्ते की दुकान से अवैध तरीके से विदेशी शराब का व्यापार कर रहा है. जैसे ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, संजय साव पुलिस को देखकर भागने में सफल हो गया.
पुलिस ने दुकान से भारी मात्रा में शराब और बीयर जब्त की है. थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी संजय साव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश जारी है.
इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब व्यापारियों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई का संदेश गया है. पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर कहीं अवैध गतिविधियां चल रही हों तो वे इसकी सूचना दें ताकि उचित कार्रवाई की जा सके.

## गरगा पुल के समीप बनाये गये अस्थायी पटाखा दुकान में आग लगने का मामला को उपायुक्त ने लिया संज्ञान में

- **तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर तीन दिनों में जांच रिपोर्ट देने का दिया निर्देश**

**बोकारो** । पिछले दिनों गरगा पुल समीप बनाये गये अस्थायी पटाखा दुकानों में आग लगने, कई पटाखों के दुकानों के जल जाने एवं सामग्रियों की क्षति होने के संबंध में उपायुक्त विजया जाधव ने संज्ञान लिया है। उन्होंने मामले की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट समर्पित करने के लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। जांच कमेटी के अध्यक्ष उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद को बनाया गया है, जबकि पुलिस उपाधीक्षक नगर एवं जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को सदस्य नामित किया गया है। उपायुक्त ने मामले में जांच कमेटी को तीन दिनों के अंदर विस्तृत जांच रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया है।

# छठ घाटों पर बोट, गोताखोर एवं लाइफ जैकेट की व्यवस्था करने का निर्देश

## सौहार्द बिगाड़ने वाले असमाजिक तत्वों पर रखें कड़ी नज़र:उप विकास आयुक्त

**श्रमबिंदु/रामगढ़।**

आगामी छठ महापर्व के मद्देनजर उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन हुआ।इस दौरान सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त ने पुलिस उपाधीक्षक रामगढ़ को सुरक्षा के दृष्टिकोण से दामोदर, बिजुलिया तालाब एवं अन्य घाटों पर गोताखोर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।साथ ही उन्होंने छठ पर्व के दिन यातयात की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सौहार्द बिगाड़ने के मन से से घाटों पर आए असामाजिक तत्वों पर भी कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया।श्री टोप्पो ने जिला मत्स्य पदाधिकारी




को बिजुलिया तालाब एवं दामोदर घाटों पर बोट एवं लाइफ जैकेट की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने छावनी परिषद से आये प्रतिनिधि को दामोदर नदी की धारा एवं जलस्तर को देखते हुए घाटों पर उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।रात्रि एवं भोर के समय छठ व्रतियों को घाट आने जाने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो इसको लेकर सभी घाटों का निरीक्षण करते हुए वहाँ के समिति से समन्वय स्थापित कर लाइट की व्यवस्था कराते हुए समयानुसार बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश कार्य पालक अभियंता विद्युत बोर्ड रामगढ़ को दिया।साथ ही घाटों पर आपात कालीन घटनाओं से निपटने के उद्देश्य से घाटों पर मेडिकल टीम व एम्बुलेंस की व्यवस्था करते हुए सभी एम्बुलेंस ड्राइवर का नाम और मोबाइल नंबर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया।उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को अपने क्षेत्र के सभी छठ घाटों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लेने एवं किसी भी प्रकार की कमी होने पर उसे यथाशीघ्र दूर करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अपने क्षेत्र के सभी छठ समितियों के साथ समन्वय स्थापित रखने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सभी छठ घाटों पर आपातकालीन सेवाओं से संबंधित सूचना पट्ट लगवाने के भी निर्देश दिया।श्री टोप्पो ने सभी अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के गाइडलाइन के अनुरूप ही सभी कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रामगढ़,सिटी मैनेजर नगर परिषद सीसीएल,टाटा,एनटीपीसी के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# शत-प्रतिशत मतदान को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत सोहराय पेंटिंग द्वारा मतदाता जागरूकता

- मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से पीरटाड़ प्रखंड आदिवासी बहुल इलाकों में सोहराय महोत्सव के तहत दीवार लेखन का आयोजन
- स्वीप कार्यक्रम के तहत सोहराई पेंटिंग के जरिए सबसे सुंदर घर,दीवार लेखन जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से आम मतदाताओं को जागरूक किया गया




**श्रम बिंदु /गिरिडीह।**

लोकतंत्र के महापर्व झारखंडी विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।राज्य में हो रहे विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 20 नवंबर को जिले में चुनाव होना है।

सोमवार को मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से पीरटाड़ प्रखंड के आदिवासी बहुल इलाकों में सोहराय महोत्सव के तहत दीवार लेखन का आयोजन किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत सोहराई पेंटिंग के जरिए सबसे सुंदर घर, दीवार लेखन जैसे विभिन्न स्लोगन के माध्यम से आदिवासी/ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया गया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पीरटाड़, स्वीप कोषांग, स्वीप कोषांग की पूरी टीम समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

जिले में नक्सल प्रभावित इलाके पीरटाड़ प्रखंड में सोहराय एक्टिविटी के माध्यम से आदिवासी/ग्रामीण मतदाताओं को मतदान महत्व के संबंध में जागरूक किया गया। इसके तहत विभिन्न घरों में पेंटिंग किया गया। पेंटिंग कर सबसे सुंदर सोहराई चित्रित घर, स्वीप, वोट गिरिडीह वोट, वोट फॉर गिरिडीह, मेरा वोट मेरा भविष्य, मतदान तिथि जैसे दीवार लेखन का कार्य किया गया। इस दौरान स्थानीय भाषा में आदिवासी/ग्रामीण मतदाताओं को वोट के महत्व, वोट करने हेतु प्रेरित किया गया। शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित सोहराय पेंटिंग में ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। ताकि शत प्रतिशत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा सके। इसके साथ ही जागरूकता कार्यक्रम के तहत निर्वाचन से जुड़ी जानकारी, मतदान के महत्त्व एवं मतदाता स्लोगन व मतदाता जागरूकता को लेकर सोहराय पेंटिंग के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का एक अनुठा प्रयास स्वीप कार्यक्रम के तहत किया गया।

इस मौके पर स्वीप कोषांग की टीम द्वारा उन्हें लोकतंत्र के महापर्व विधानसभा चुनाव, मतदान के महत्व, मतदान तिथि, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्पलाइन ऐप, टॉल फ्री नंबर 1950 आदि के संबंध में जागरूक किया गया। इस दौरान स्वीप कोषांग की टीम द्वारा बताया गया कि आप भी इस चुनाव के पर्व में भागीदार बनें। सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में सहयोगी बनें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

## 29बगोदर विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक द्वारा एमसीएमसी/मीडिया कोषांग का निरीक्षण

- निरीक्षण के क्रम में टउटउ सेल,मीडिया सेल आदि का निरीक्षण किया व
- विधानसभा संबंधित अधिकारियों को आवशयक निर्देश दिए गए




**श्रम बिंदु /गिरिडीह।**

विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त सोमवार को 29-बगोदर विधानसभा क्षेत्र के समान्य प्रेक्षक, जॉन त्लंगतिनखुमा के द्वारा एमसीएमसी, मीडिया कोषांग आदि का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया तथा सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मियों को आवशयक दिशा निर्देश दिया।

इस दौरान उन्होंने एमसीएमसी/मीडिया कोषांग में प्रतिनियुक्त सभी अधिकारियों/कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की क्रमवार जानकारी प्राप्त की गई तथा उनके दायित्व के संबंध में आवशयक निर्देश दिए गए। इसके अलावा एमसीएमसी कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा किए जा रहे पेड न्यूज के अनुश्रवण का रोस्टरवार पंजी की जांच की गई तथा कई दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान मीडिया कोषांग का निरीक्षण कर सभी पंजी की जांच की गई।

मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी, एमसीएमसी/मीडिया कोषांग के अधिकारी समेत अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## जनता करें बदलाव, झारखंड में लूट खसौट रंगदारी और हत्याएं से मिलेगी निजात : रागिनी सिंह

**श्रमबिंदु /धनबाद। झरिया।**



5 वर्षों में कांग्रेस और जेएमएम की सरकार ने झारखंड में सिर्फ लूटने का काम किया. कोयलांचल में लुट खसोट, रंगदारी और हत्याएं को देखने को मिला, इस सरकार से आम जनता काफी त्रस्त हैं. ये उक्त बातें सोमवार को भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह ने जयरामपुर मोड़ में सभा के दौरान कहीं. इस दौरान प्रत्याशी तीसरा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चला कर भाजपा के पक्ष मतदान करने की अपील की. कहा कि झरिया विधानसभा के कौने कौने में भाजपा की जीत की गूंज हैं. पांच साल में इस सरकार न झारखंड का हाल बुरा कर दिया. सरकार ने लूट, झूठ, भ्रष्टाचार, माफिया तंत्र व परिवारवाद को बढ़ावा दिया. केंद्र ने झारखंड के विकास के लिए जो पैसे दिए उसे भी हड़प लिया. इसलिए लूट-झूठ की सरकार को हटाकर भाजपा-एनडीए की सरकार बनाएं. झारखंड में जब डबल इंजन की सरकार होगी तो राज्य का तेजी से विकास होगा. इस दौरान जयरामपुर मोड़ निवासी मोनू कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में जनता ने बहुत कुछ खोया हैं. जयरामपुर के रहने वाले सोनू सिंह को गोली मार कर अपंग बना दिया. जिला प्रशासन वैसे आपराधिक प्रवृत्ति लोगो पर कार्रवाई नहीं किया गया. खुलेआम घूम रहे हैं झरिया के व्यवपारी वर्ग डरे सहमे हैं. झरिया की जनता 5 सालों में सब कुछ जान चुका हैं. इस बार जयरामपुर मोड़ के लोग भाजपा के पक्ष मतदान कर प्रत्याशी रागिनी सिंह को भारी मतों से जीत दिलाने काम करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा झरिया विधानसभा स्तरीय चुनावी सभा का आयोजन बलियापुर स्टैंड के समीप संपन्न हुआ जहा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय हरीश जोशी युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल ध्रुव हरी शैलेश सिंह चंद्रवंशी महावीर पासवान संतोष झा रिंकू सिंह युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल सोनी चीकू महतो श्री राहुल गुप्ता नगीना पासवान प्रेम नोनिया मौजूद रहे वही कार्यक्रम प्रभारी उमेश यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन रवि मिश्रा ने किया। जहा कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रागिनी सिंह उपस्थित हुई इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रागिनी सिंह ने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार ने युवाओं को 5 लाख रोजगार की गारंटी दी थी शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही थी जिसे उन्होंने कभी पूरा नहीं किया और युवाओं को छलने का काम किया है इस गूंगी बहरी सरकार ने युवाओं को किसी प्रकार की सहायता नहीं की है युवा अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं और भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने इस सरकार को प्रदेश से उखाड़ फेंकने का फैसला ले लिया है और आगामी विधानसभा चुनाव में झरिया से रिकॉर्ड मतों से भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने का मन बना लिया है

## टुंडी के मतदाता एनडीए प्रत्याशी विकास महतो के पक्ष में वोट के लिए गोलबंद हो रहे हैं : गिरधारी महतो

**श्रमबिंदु /धनबाद । राजगंज।** आजसू पार्टी का राजगंज में बैठक आयोजित की गई। जिसमें टुंडी विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी विकास महतो मुख्य रूप से उपस्थित हुए ।बैठक की अध्यक्षता कर रहे आजसू नेता गिरिधारी महतो ने कहा कि पहली बार टुंडी से माटी पुत्र को एनडीए का प्रत्याशी बनाया गया है इसलिए सभी आजसू कार्यकर्ता दिन रात मेहनत करते हुए घर घर जाकर विकास महतो के पक्ष में मतदान करने का प्रचार प्रसार करें।विकास महतो ने कहा कि टुंडी विधानसभा के हर गाँव मे भरपूर मात्रा में जनसमर्थन व आशीर्वाद मिल रहा है जिससे यह स्पष्ट है कि टुंडी विधानसभा राज्य में सबसे ज्यादा मतों से जीत का रिकॉर्ड बनाएगी।टुंडी प्रभारी रमेश कुमार राही ने कहा कि एनडीए जो कहती है उसे पूरा करती है लेकिन झामुमो की कहनी ओर कथनी में बहुत फर्क है जिसे जनता जान चुकी है इसलिए इसबार झामुमो को उखाड़ फेंकने का मन जनता बना चुकी है।मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर सिंह,करण महतो,गिरिजाशंकर उपाध्याय, गौतम साव,सूरज सोनी,टिंकू शर्मा,सन्तोष चौरसिया,रेखा देवी, कोलेशर महतो आदि मौजूद थे।

## विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने जनसंपर्क कर लोगों से मांगी वोट

**श्रमबिंदु /धनबाद।** माननीय झरिया विधायक सह महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने झरिया के ऊपर डुमरी बस्ती व लाल बंगला में जनसंपर्क के माध्यम से घर-घर जाकर कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की।



विधायक ने जनसंपर्क के दौरान कहा झरिया कि जनता से किए गए वायदे – चाहे आरएसपी कॉलेज को झरिया वापस लाने की बात हो, अस्पताल बनाने की बात हो, जलापूर्ति की बात बात हो या राजा तालाब के पुनरुद्धार की बात हो – हमने तय समय में पूरा किया है और जो अभी अभी निर्माणाधीन है वह अगले कुछ महीनों में पूरा कर लिए जाएंगे।

बता दें कि बीते दिनों विधायक जी ने टाटा महाप्रबंधक से वार्ता कर पूरे इलाके में 20 घंटे बिजली और निर्बाध बिजली की मांग की थी जिसके फलस्वरूप आज डुमरी मौजा के ग्रामीण बिजली और पानी का लाभ ले रहे हैं।

विधायक ने कहा एक ऐसा दौर भी था जब झरिया को टापू बनाने की साजिश रची जा रही थी और यहां हर दिन लोगों को बेघर किया जाता था। आज किसी की हिम्मत नहीं कि झरिया में सुरक्षित और सम्मानजनक पुनर्वास की सुविधा किए बगैर किसी का घर खाली हो जाए।

झरिया विधायक ने लोगों से अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उनके बेहतर शिक्षा के लिए और झरिया के लिए निरन्तर विकास के लिए महागठबंधन को वोट करने की अपील की।

मौके पर अशोक कुमार महतो, जीतन महतो, करण महतो, विजय तूरी, देवनाथ तूरी, दुलाल तूरी, टेकन तूरी, जलेश्वर तूरी, गौतम महतो, आदित्य महतो, अमन महतो, अजय कुमार महतो और प्रकाश तूरी समेत दर्जनों कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे ।

## उपायुक्त एवं एसएसपी ने किया तोपचांची क्षेत्र के क्रिटिकल बूथों का निरीक्षण

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएसपी एवं संबंधित थाना प्रभारी को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश



शांतिपूर्ण माहौल में विधानसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन तैयार- उपायुक्त

आज दिनांक 04 नवंबर 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री एचपी जनार्दन ने तोपचांची स्थित मध्य विद्यालय धाजाटांड़ गणेशपुर के बूथ नंबर 217 एवं खामडीह स्थित बूथ नंबर 218 का निरीक्षण किया।

इस दौरान उपायुक्त ने मतदान केंद्रों पर तमाम सुरक्षा व्यवस्था कैसे सुनिश्चित हो, इसकी बारीकी से मुआयना किया गया। शांतिपूर्ण माहौल में विधानसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर संबंधित डीएसपी एवं थाना प्रभारी को आवशयक दिशा निर्देश दिए गए। एसएसपी ने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया कि संवेदनशील बूथ वाले क्षेत्रों की कानून व्यवस्था पर पैनी नजर रखें। साथ ही उपद्रवियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया। मौके पर एसडीपीओ बाघमारा श्री पुरुषोत्तम कुमार सिंह समेत संबंधित थाना प्रभारी, कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## न्यूज अपडेट

### बिहार की बेलागंज विधानसभा सीट पर 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी ताकत झोंक दी

**किशनगंज ।** बिहार की बेलागंज विधानसभा सीट पर 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी ताकत झोंक दी है। इसी बीच प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज से मोहम्मद अमजद ने मुकाबला को और रोचक बना दी है। वहीं किशनगंज जिला के महिला मोर्चा के अध्यक्षा सह पूर्व प्रमुख रजिया सुल्ताना ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ बेलागंज पहुंचकर जनसुराज के प्रत्याशी मोहम्मद अमजद के हक में लोगों से मांग रही है वोट और प्रशांत किशोर के हाथ को मजबूत करने को लेकर वोटरों से की अपील।

### किशनगंज थाना अध्यक्ष संदीप कुमार के लगातार अभद्र व्यवहार करते रहे

**किशनगंज ।** गत 3 तारीख को नौशाद कामिल के साथ इसी तरह अभद्र व्यवहार किया। जिसको लेकर कुछ युवकों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में डीएसपी को ज्ञापन सौंपा, साथ ही मीडिया के समक्ष अपनी बातें रखी। नवयुकों की एक थाना अध्यक्ष के विरूद्ध संभवतः अनशन भी कर सकते हैं। जैसा उन युवकों का रवैया देखा गया है।

### धनबाद जिला के सभी छः विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की हुई प्रथम जाँच




विधानसभा आम चुनाव 2024 के अंतर्गत, धनबाद जिला के सभी छः विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की प्रथम जाँच आज व्यय प्रेक्षक, श्री आर.ए. ध्यानी एवं श्री कुमार आदित्य द्वारा किया गया। इस दौरान व्यय अनुश्रवण कोषांग के पदाधिकारी एवं सहायक व्यय प्रेक्षक भी मौजूद रहें।

इस दौरान सभी छः विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थियों की ओर से निर्वाचन के दौरान प्रचार-प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय का लेखा संधारण निर्वाची पदाधिकारी की ओर से उपलब्ध कराए गए निर्वाचन व्यय पंजी की जांच व्यय प्रेक्षक द्वारा की गई। उन्होंने दैनिक निर्वाचन व्यय लेखा का गहन एवं सम्यक जांच कर छायाप्रेक्षण पंजी से मिलान किया।

मौके पर व्यय प्रेक्षक श्री आर.ए. ध्यानी एवं श्री कुमार आदित्य, सहायक व्यय प्रेक्षक समेत प्रत्याशी एवं उनके एजेंट मौजूद रहें।

### उपायुक्त व एसएसपी ने किया हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड पर स्थापित अमलखोरी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण

- वाहनों की सघन जांच करने का दिया निर्देश



झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में 11 इंटर स्टेट एवं 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट बनाए गए हैं। चेक पोस्ट से गुजरने वाले हर वहनों की जांच की जा रही है।

इसी संदर्भ में आज दिनांक 04 नवंबर 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदीप पी जनार्दनन ने हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड पर स्थापित अमलखोरी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मियों को जिले में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की सघन जांच करने तथा वाहनों का रजिस्ट्रेशन नंबर व ऑनर का नाम, पता, मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया।

साथ ही भारी मात्रा में नगदी, शराब, ज्वेलरी, नशीले पदार्थ सहित मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली अन्य सामग्रियां मिलने पर जब्त करने का निर्देश दिया।

वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने छोटे वहनों के साथ साथ बड़े वाहनों की भी औचक जांच करने का निर्देश दिया।

### छात्राओं को पिकअप वैन ने रौंदा, 3 की मौत

- आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

**श्रमबिंदु /धनबाद।** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र में फकीरडीह चौक के पास सोमवार को सुबह करीब 6 बजे एक पिकअप वैन ने 3 छात्रा और एक महिला को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही 2 छात्रा और एक महिला की मौत हो गई। वही एक छात्रा गंभीर रूप से घायल है,जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि घटना के बाद से ही आक्रोशित लोगों ने जीटी रोड को घंटों जाम करके रख दिया। वही घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने कहा कि 3 छात्रा को एक महिला सुबह 6 बजे ट्यूशन के लिए ले जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित पिकअप वाहन ने रोड किनारे खड़े चारों को अपने चपेट में ले लिया,जिससे मौके पर ही 3 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मरने वाले तीनों एक ही परिवार की थी। वही घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। वहीं घटना का दोषी झामुमो के धनबाद जिला सचिव मन्नू आलम ने NHI को ठहराया है। उन्होंने मीडिया के समक्ष कहा कि यदि आज फ्लाईओवर बना होता तो तीन युवतियों की मौत नहीं होती। फ्लाईओवर नहीं बनने से जीटी रोड मौत का सड़क बन चुका है और ना जाने और कितने लोगों की और जान जाने वाला है। आक्रोशित लोगों ने मुआवजा को लेकर घंटों तक जीटी रोड को दोनों छोरों को पूरी तरह से जाम कर दिया।



## विभिन्न अस्थानों पर कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे ने चलाया जनसंपर्क अभियान

### कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने का किया आहवान



**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

सोमवार को धनबाद विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे ने पुटकी बाजार,प्रभु चौक,मुनीडीह बाजार,भागाबांध,कोक प्लांट-पुटकी एवं बैंक मोड़ बिरसा चौक से जयप्रकाश चौक होते हुए धोवाटांड़ सहित विभिन्न जगहों पर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आ''ान किया।जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के क्रम में ग्रामीण एकता मंच के संयोजक रणजीत सिंह जो पिछला चुनाव लड़े थे उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे से मुलाकात कर चुनाव में समर्थन देने की घोषणा किया।मौके पर धनबाद विधानसभा के इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे ने कहा कि जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान धनबाद विधानसभा क्षेत्र की जनताओं के द्वारा अपार समर्थन व आशीर्वाद से अभिभूत हूं,आगे उन्होंने कहा कि धनबाद विधानसभा की सर्वांगीण विकास के साथ-साथ बेहतर धनबाद बनाने की पहली प्राथमिकता होगी,उन्होंने कहा कि जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान सभी समुदायों के लोगों का अपार समर्थन मिल रही है,धनबाद विधानसभा में विकास कार्य करने के मामले में पिछले 10 वर्षों में बीजेपी ने धनबाद को छलने का काम किया है,क्षेत्र की जनता भाजपा की गलत नीतियों के साथ-साथ इनके चाल,चेहरा और चरित्र को समझ चुकी हैं,भाजपा से लोगों का मोहभंग हुआ है और निश्चित रूप से इस चुनाव में धनबाद की जनता इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान कर कांग्रेस प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दिलाने का काम करेंगी,इस चुनाव में धनबाद की जनता का आशीर्वाद और समर्थन मिला तो निश्चित रूप से धनबाद की ज्वलंत समस्याओं का निराकरण करने के साथ-साथ लोगों के बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्रमुखता होगी लोगों के बेहतर शिक्षा,चिकित्सा,बिजली,पानी व सड़क की व्यवस्था सुनिश्चित करवाने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में प्रयास मेरी प्राथमिकता होगी।आगे उन्होंने कहा कि देश महंगाई,बेरोजगारी और आर्थिक संकटों से जूझ रही है,बीजेपी के गलत नीतियों के कारण युवा बेरोजगारों में बढ़ोतरी हुई है,लोग भाजपा के क्रियाकलाप से आक्रोशित एवं हतोत्साहित हैं,इंडिया गठबंधन के प्रति लोगों का विश्वास जगा है और निश्चित रूप से इस बार धनबाद विधानसभा की जनता इंडिया गठबंधन कांग्रेस के पक्ष में भारी मात्रा में मतदान कर भाजपा को आईना दिखाने का काम करेगी और निश्चित रूप से इस चुनाव में धनबाद विधानसभा से इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक जीत होगी।मौके पर मुख्य रूप से धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह,कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी, मदन महतो, मनोज यादव, राजेश्वर सिंह यादव, कयूम खान, लक्ष्मण तिवारी, योगेंद्र सिंह योगी, दिनेश यादव, मंटू दास, महेंद्र दुबे, गुड्डू खान, जितेश सिंह, दीपक सिंह, प्रभात सुरुलिया, पप्पु कुमार तिवारी, पप्पू पासवान, हुमायूं राजा, निवारण महतो, बबलू दास, मृत्युंजय सिंह, प्रीतम रवानी,साहिर खान, अरविंद सैनी, राजीव कुमार, रखाल दास, अजय पासवान, गुड़िया देवी सहित सैकड़ो कांग्रेसजन उपस्थित थे।

स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com